


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,रविवार 14 अप्रैल 2024 ■ चैत्र शुक्ल पक्ष-6 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-016 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 15 अप्रैल 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### सड़क हादसे में दो सगे भाइयों समेत तीन की मौत

**बेमेतरा,14 अप्रैल.** सड़क हादसे में बीती रात मोटरसाइकिल सवार दो सगे भाइयों सहित तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई. तीन युवक अपने दोस्त की शादी में शामिल होकर वापस गांव लौट रहे थे. राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 30 ग्राम मटका के पास हुई दुघटना में दो सगे भाई कोमल साहू (21 वर्ष) और मुकेश साहू (22 वर्ष) और एक उनका दोस्त रवि यादव की मौत हो गई. तीनों युवक ग्राम अर्जुनी के रहने वाले थे. पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, तीनों युवक मोटरसाइकिल से अपने दोस्त की शादी में गए हुए थे, जहां से वापस गांव लौटते समय घटना ग्राम मटका के पास दुर्घटना के शिकार हो गए. दुर्घटना की जानकारी मिलते ही गांव में मातम छा गया. इस घटना की जानकारी मिलते ही सिटी कोतवाली की टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है. फिलहाल, तीनों मृतक का पोस्टमार्टम जारी है.

### घर में लगी आग, 3 मासूमों की जिंदा जलकर मौत

**अंबिकापुर,14 अप्रैल.** 3 मासूमों के जिंदा जलकर मौत हो गई. ये हादसा मैनपाट के बरिमा में बीती रात घर में आग लगने के बाद हुआ. घटना के वक्त पिता देवप्रसाद व माता सुधनी घर पर नहीं थे मौजूद. इस पूरी घटना की जांच पुलिस कर रही है. पूरा मामला कमलेश्वर पुर थाने का है. पुलिस ने माता-पिता दोनो का बयान लेने की तैयारी कर रही है. जिसके बाद आग लगने के कुछ कारणों का पता चल सकेगा. हालांकि आशंका इस बात की है कि घर में जल रही चिमनी की वहस से झोपड़ी में आग लगी हो ? हादसे के बाद पूरे इलाके में मातम छाया हुआ है.

# भारतीय जनता पार्टी का घोषणापत्र जारी

**नई दिल्ली,14 अप्रैल.** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने अपना घोषणापत्र जारी कर दिया है. बीजेपी ने वादा किया है कि वह केंद्र में सरकार बनने के बाद पूरे देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करेगी. घोषणापत्र जारी करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पार्टी का 'संकल्प पत्र' विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभों - युवा, महिला, गरीब और किसान को सशक्त बनाएगा.

**बिजली बिल जीरो करने का वादा**-बीजेपी ने अब करोड़ों परिवारों के बिजली बिल जीरो करने के लिए काम करने का भी वादा किया है. जिसके तहत पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना पर तेजी से काम किया जाएगा.

**आयुष्मान योजना बढ़ेगा दायरा**-मोदी ने संकल्प पत्र के बारे में बताते हुए कहा कि जन औषधि केंद्र में अस्सी पर्सेंट डिस्काउंट के साथ दवाई मिलती रहेगी। इसका विस्तार भी करेंगे। आयुष्मान भारत के तहत पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिलता रहेगा।



**मिडिल क्लास फैमिली के लिए क्या?**-बीजेपी के संकल्प पत्र के मुताबिक, मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए कम दर में आवास, सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं, अच्छी शिक्षा और रोजगार के साथ-साथ स्वरोजगार के मौके दिए जाएंगे.

**तीन करोड़ लखपति दीदी**-उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार ने 4 करोड़ लोगों को मुफ्त घर बनाकर दिए हैं। हम तीन करोड़ और घर बनाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ेंगे। अभी तक सस्ते सिलेंडर घर घर पहुंचाएं हैं अब हम पाइप से सस्ती रसोई गैस घर घर पहुंचाने के लिए काम करेंगे।

**युवाओं को मौका देने की गारंटी**-बीजेपी के घोषणा पत्र में युवाओं को मौका देने का वादा भी किया गया है. घोषणापत्र के मुताबिक, पेपर लीक नियंत्रण के लिए कानून लागू किया जाएगा, जिसमें अपराधियों के खिलाफ कड़ी सजा का प्रावधान होगा. साथ ही सरकारी परीक्षाओं में पारदर्शिता लाई जाएगी.

**संत तिरुवल्लुवर कल्चर सेंटर बनेंगे**-मोदी ने कहा कि 2025 में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाएगा। बीजेपी जनजातीय विरासत पर अनुसंधान को प्रोत्साहित करेगी। 700 से ज्यादा एकलव्य स्कूल बनेंगे। संत तिरुवल्लुवर कल्चर सेंटर का निर्माण करेंगे। वंदे भारत ट्रेनों का भी विस्तार होगा।

### मोदी की गारंटी में क्या-क्या है शामिल

- संकल्प पत्र की टैग लाइन है- मोदी की गारंटी। मोदी ने कहा कि 10 सालों में बीजेपी ने अपने संकल्प पत्र के हर बिंदु को गारंटी के रूप में जमीन पर उतारा है।
- 70 साल से ज्यादा उम्र के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा, चाहे वह किसी भी वर्ग के हों
- पीएनजी घर घर पहुंचाने के लिए काम करेंगे
- जन औषधि केंद्र में अस्सी पर्सेंट डिसकाउंट के साथ दवाई मिलती रहेगी
- मुद्रा योजना के तहत लोन की सीमा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख की जाएगी
- दिव्यांगों को पीएम आवास योजना में प्राथमिकता दी जाएगी
- ट्रांसजेंडर को भी आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा
- तीन करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाया जाएगा
- सर्वाइकल कैंसर से मुक्ति के लिए अभियान चलाएंगे
- संत तिरुवल्लुवर कल्चर सेंटर का निर्माण करेंगे
- वंदे भारत ट्रेनों का भी विस्तार होगा। इसके तीन मॉडल चलेंगे- वंदे भारत स्लीपर, वंदे भारत चेयर कार, वंदे भारत मेट्रो
- वन नेशन वन इलेक्शन, यूनिफॉर्म सिविल कोड का वादा

### वन नेशन, वन इलेक्शन का वादा

मोदी ने कहा कि विश्व में युद्ध के बादल छाए हैं। तनाव में है पूरा विश्व। ऐसी जगह रह रहे भारतीयों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। ऐसे में भारत में एक मजबूत, पूर्ण बहुमत वाली सरकार की जरूरत कई गुना बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि बीजेपी देश हित में बड़े और कड़े निर्णय लेने से पीछे नहीं हटती। उन्होंने कहा कि हम वन नेशन वन इलेक्शन को साकार करेंगे। यूनिफॉर्म सिविल कोड को भी बीजेपी देशहित में जरूरी समझती है। भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई होती रहेगी। संकल्प पत्र जारी करने के कार्यक्रम में केंद्र सरकार की अलग अलग स्कीम के चार लाभार्थियों को भी बुलाया और मोदी ने उन्हें बीजेपी का संकल्प पत्र सौंपा।

# आग देश में नहीं उनके दिलों में लगी है: मोदी

**भोपाल,14 अप्रैल.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यप्रदेश के होशंगाबाद में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने 'एक बार फिर मोदी सरकार' का नारा दोहराते हुए कहा, 'अभी ज्यादा दिन नहीं हुए हैं, जब मध्य प्रदेश ने पूरे देश को चौंका दिया था और होशंगाबाद ने तो कमाल कर दिया था। यहां से जो लहर उठी थी, वो लहर पूरे देश में फैल चुकी है। आज देश के कोने-कोने से एक ही आवाज आ रही है - फिर एक बार मोदी सरकार।' संविधान निर्माता बाबा साहेब आम्बेडकर को उनकी जयंती पर याद करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'आज संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर की जन्मजयंती है। उनकी जन्मस्थली महू यहां से ज्यादा दूर नहीं है। महू में उनका घर हो या देश-विदेश में वे जहां भी रहे, उन स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित करने का सौभाग्य भाजपा सरकार को मिला है। जो सम्मान कांग्रेस ने उनको कभी नहीं दिया, वो सम्मान करने का सौभाग्य हमें मिला है। कांग्रेस जैसी पार्टियों ने हमेशा बाबा साहेब को अपमानित करने का ही काम किया है। बाबा साहेब ने जो संविधान बनाया है, उसके कारण ही आज गरीब मां का ये बेटा मोदी, आपसे तीसरी बार सेवा का आशीर्वाद मांग रहा है।' उन्होंने आगे कहा, 'ये बाबा साहेब का संविधान है, जिसके कारण आज देश की राष्ट्रपति एक आदिवासी परिवार की बेटी है। जिस समाज को सबसे अंत में पूछा गया, जिसको वंचित रखा गया, उस समाज की बेटी आज देश की राष्ट्रपति के रूप में पहली नागरिक है।

हमने बाबा साहेब को सिर्फ विचारों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि आधुनिक भारत में उनके योगदान को नई पहचान दी है। आप मोबाइल फोन से जो डिजिटल पेमेंट करते हैं, उस डिजिटल पेमेंट योजना का नाम BHIM UPI है, ये नाम हमने बाबा साहेब के नाम पर ही रखा है।' होशंगाबाद की चुनावी जनसभा में पीएम मोदी ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, 'आजादी के अनेक दशक तक कांग्रेस के एक ही परिवार ने सीधे या रिमोट कंट्रोल से सरकार चलाई है। इसी परिवार ने देश में आपातकाल या इमरजेंसी लगाई थी। कांग्रेस ने देश भर में लोकतांत्रिक सरकारों को जब मर्जी पत्तों के महल की तरह गिरा दिया। कांग्रेस ने अपने हिसाब से इतिहास को तोड़ा-मरोड़ा और जो मन किया वो लिखवाया और खुद का ही महिमामंडन करवाया। कांग्रेस की मानें तो लोकतंत्र तब ठीक चल रहा था, फलफूल रहा था। लेकिन जैसे ही गरीब घर का बेटा प्रधानमंत्री बना वैसे ही कांग्रेस अफवाह फैलाने लगी कि मोदी आया है, संविधान और लोकतंत्र पर खतरा हो जाएगा। कांग्रेस वालों को पता नहीं है। ये बाबासाहेब का जो संविधान है, उसके कारण तो मोदी यहां पहुंचा है।' पीएम मोदी ने कहा, 'कांग्रेस की मानें तो तब लोकतंत्र ठीक चल रहा था, फल-फूल रहा था। लेकिन जैसे ही गरीब का बेटा प्रधानमंत्री बना तो कांग्रेस अफवाह फैलाने लगी कि संविधान और लोकतंत्र खतरे में आ गया।

### बंकर में जा छिपे बेंजामिन नेतन्याहू

**तेहरान,14 अप्रैल.** ईरान की तरफ से इजरायल पर 250 से अधिक ड्रोन हमले किए गए हैं। इतना ही नहीं, ईरानी सरकार ने साफ-साफकहा है कि अगर इजरायल पलटवार करता है तो और अधिक घातक हमले करेगा। इस सबके बीच यह खबर सामने आ रही है कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अपने परिवार के साथ अमेरिकी अरबपति साइमन फालिक के मिसाइल-प्रूफ घर में शिफ्ट हो गए हैं।

# सलमान खान के घर के बाहर चली गोली

## बालकनी के नेट को चीरते हुए घर के अंदर घुसी गोली

**मुंबई,14 अप्रैल.** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के मुंबई स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर रविवार सुबह दो लोगों ने गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज पुलिस के हाथ लगा है। इस फुटेज में, दो अज्ञात लोग मोटरसाइकिल पर सवार होकर आये और अभिनेता के घर के बाहर गोलीबारी की और फिर वहां से फरार हो गए। गोलीबारी की इस घटना के बाद मुंबई पुलिस ने सलमान खान के घर के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी है। फॉरेंसिक विज्ञान विशेषज्ञों की एक टीम भी गैलेक्सी अपार्टमेंट में मौजूद है और घटना की जांच कर रही है।

अभिनेता सलमान खान के बांद्रा स्थित घर के बाहर फायरिंग पर मुंबई के डीसीपी राज तिलक रौशन ने कहा, 'आज सुबह करीब 5 बजे अभिनेता सलमान खान के बांद्रा स्थित घर के बाहर दो अज्ञात लोगों ने फायरिंग कर दी। पुलिस को 3 राउंड फायरिंग की जानकारी मिली है। केस दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। गोलीबारी की घटना में कोई घायल नहीं हुआ है।'

जानकारी के लिए बता दें, सलमान खान अपने घर की जिस बालकनी पर आकर फैंस से रूबरू होते हैं, वहीं पर बदमाशों ने गोलीबारी की घटना को अंदाज दिया



है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बदमाशों द्वारा फायर की गयी दो-तीन गोलियां दीवार पर जाकर लगी। एक बालकनी के नेट को चीरते हुए अभिनेता के घर में जाकर घुस गयी। पिछले वर्ष मार्च में अभिनेता के दफ्तर को एक ई-मेल भेजकर खान को धमकी दी गई थी जिसके बाद मुंबई पुलिस ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई, गोल्डी बराड़ और एक अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी समेत अन्य धाराओं में एक प्राथमिकी दर्ज की थी। प्राथमिकी प्रशांत गुंजालकर द्वारा बांद्रा पुलिस को दी गई एक शिकायत के आधार पर दर्ज की गई थी।




## एक नजर

### 71 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाला युवक गिरफ्तार

**भिलाई, 14 अप्रैल।** भिलाई मंत्रालय और अन्य विभागों में नौकरी लगाने के नाम पर ग्रामीण क्षेत्र के भोले-भाले बेरोजगार युवकों को 71 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने वाले पांचवे आरोपी को पुलिस ने धमतरी से गिरफ्तार किया है। पूर्व में पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि तिवेन्द्र कुमार सिन्हा निवासी ग्राम रावा तहसील तरसीवा धतमरी अर्जुनी ने अपने अन्य पीड़ित साथियों के साथ थाना सुपेला में रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्य आरोपी दुर्वासा उर्फ अर्जुन उर्फ गोलू मानिकपुरी को सुपेला से 4 अप्रैल को गिरफ्तार किया था। इसके बाद पुलिस ने उसके अन्य साथियों तरूण कश्यप (28वर्ष) निवासी ग्राम-कन्हरी पोस्ट गोरखपुर जिला गौरेला पेण्ड्रा मारवाही को रायपुर से एवं आरोपी हरि विवेक डहरिया (39 वर्ष ) निवासी प्रेम नगर रायपुर को राजनांदगांव से और आरोपी किशोर जायसवाल (36 वर्ष ) निवासी टिकरापारा रायपुर को गिरफ्तार किया था आरोपियों का पुलिस रिमांड लेकर कड़ी पूछताछ करने पर पांचवें आरोपी डॉ. पंकज बरेठ निवासी शंकरपुर गौरी नगर धमतरी को गिरफ्तार कर लिया है।

### स्क्रैप कॉपर सहित आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 14 अप्रैल।** भिलाई बीएसपी प्लांट में चोरी के 10 किलो स्क्रै प कॉपर के साथ एक युवक को भट्ठी पुलिस ने धारा 379 के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया है भट्ठी टीआई विपिन रंगारी ने बताया कि स्टेशन मरोदा शिवपारा निवासी राजेश्वर कुमार डहरिया (30वर्ष) बीएसपी प्लांट में मजदूरी करता है सीआईएसएफ ने मरोदा गेट से बाहर निकलते समय चेकिंग के दौरान राजेश्वर की मोटर साइकिल की डिक्की से 10 किलो स्क्रैप कॉपर के साथ पकड़ा।

### करंट लगने से युवक की मौत



**भिलाई, 14 अप्रैल।** भिलाई करंट लगने से युवक की मौत हो गई है मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है मिली जानकारी के मुताबिक वार्ड 17 लक्ष्मण नगर छावनी निवासी विकास यादव साउथ इंडियन इंडस्ट्रीज छावनी वायर पैकिंग का काम करता था। अचानक युवक करंट की चपेट में आया। गंभीर अवस्था में उसे शास्त्री अस्पताल सुपेला लाया गया। जहां युवक की मौत हो गई बताया जा रहा है कि मृतक चार दिन पहले ही काम पर गया था ।

### चाकू दिखाकर डरा रहा युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 14 अप्रैल।** भिलाई मोहन नगर थाना क्षेत्र लोगों को चाकू लेकर डराने धमकाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है मोहन नगर प्रशिक्षु डीएसपी आकांक्षा पाण्डेय ने बताया मुखबिर की सूचना पर बाम्बे आवास उरला ब्लाक नंबर 65 आम सड़क के पास एक युवक स्टील चाकू लेकर आने जाने वालो को डराने धमकाने की जानकारी मिली थखी पुलिस ने घेरबंदी कर रेशम उर्फ जगतार सिंग नामक युवक को गिरफ्तार किया है।

### चोरी की बाइक में पावर हाउस में घूम रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई, 14 अप्रैल ।** शुक्रवार को प्रार्थी चेतन ठाकुर ने पुरानी भिलाई थाना में शिकायत किया की उसकी मोटर सायकल ट्रांसपोर्ट नगर, हाथखोज से चोरी हो गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी पीड़ी चंद्रा और एसीसीयू प्रभारी कपिल देव पांडेय के नेतृत्व में टीम का गठन पर विवेचना शुरू की गई। पुरानी भिलाई पुलिस ने अपराध क्रमांक 150/24, धारा 379 के तहत मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। मुखबिरी की सूचना पर आरोपी लोकेश शिवहारे पिता रामायण प्रसाद उर्फ नानू, उम्र 25 साल, एसीसी लेबर कैंप जामुल को पावर हाउस, भिलाई से चोरी की मोटर सायकल के साथ पकड़ा गया।आरोपी द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर गिरफ्तार कर न्यायालय रिमांड पर भेजा गया।

# रात्रि में गुड़ फैक्ट्री में घुसकर चोरी करने वाले को पुलिस ने किया गिरफतार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 14 अप्रैल।** जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव द्वारा नशे के रोकथाम तथा सभी प्रकार के अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार , अतरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल अनुविभागीय अधिकारी संजय तिवारी के मार्गदर्शन में कवर्धा कोतवाली एवम् पोड़ी पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही कर आरोपी वीरू सारथी पिता राम प्रसाद सारथी निवासी नवीन बाजार कवर्धा एवं दो नाबालिक बालको को गिरफतार किया गया है । मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनेश गौतम पिता भल्ला गौतम ग्राम खड़ौदा कला चौकी पोड़ी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया की वह अपने साथियों के साथ देवी लक्ष्मी गुड़ उद्योग ग्राम खरोदा कला में मजदूरी का काम करता है दिनांक 11/4/2024 को रात्रि खाना खाकर फैक्ट्री अंदर अपने कमरे में सोए हुए थे सुबह उठकर देखें उनका फोन नहीं था की रिपोर्ट पर चौकी पौड़ी में अपराध क्रमांक 87/24 धारा 457,380 ,भादवी पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना दौरान फैक्ट्री में लगे सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन करने पर तीन व्यक्ति मोटरसाइकिल से फैक्ट्री अंदर घुसते हुए दिखाई दिए जिनका फुटेज लेकर पहचान कराया गया उक्त ष्ह्ल1 फुटेज के आधार पर आरोपी वीरू सारथी पिता राम प्रसाद सारथी निवासी कवर्धा एवं दो अन्य नाबालिक बालक निवासी कवर्धा के होना पहचान होने पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में कवर्धा कोतवाली एवं पोड़ी पुलिस टीम द्वारा आरोपियों की पताशाजी कर उक्त आरोपियों के कब्जे से चोरी गए 02 नग एंड्राइड मोबाइल फोन कीमती 17000एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल क्रमांक ष्टत्र 09 छ्रु 2212 ॥स्र स्त्रद्द्यह्व×द्ग कीमती 60000 रुपए जुमला कीमती 77000 रुपए को जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है ।

# स्वीप अभियान के तहत स्वामी करपात्री स्टेडियम में स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 14 अप्रैल।** जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और लोगों की निर्वाचन में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा अनूठी पहल की जा रही है। स्वीप अभियान के तहत आज स्वामी करपात्री जी स्टेडियम में स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह क्रिकेट प्रतियोगिता स्वीप वारियर्स और स्वीप फाइटर्स के मध्य खेला गया। क्रिकेट प्रतियोगिता में स्वीप वारियर्स विजयी हुए वही उप विजेता स्वीप फाइटर्स रहा। स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक अभिषेक पल्लव सहित जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल अधिकारी संदीप अग्रवाल, अपर कलेक्टर श्री अविनाश भोई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र बघेल, संयुक्त कलेक्टर डॉ मोनिका कौडो, कवर्धा एसडीएम आशीष अनुपम टोप्पो, पंडरिया संदीप ठाकुर सहित जिला और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने हिस्सा लेकर मतदान जागरूकता का संदेश दिया।

प्रतियोगिता में स्वीप फाइटर्स की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 10 ओवर में 91 रन बनाए और स्वीप वारियर्स को 92 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्वीप वारियर्स की टीम ने अपने 9 वें ओवर में ही 92 रन का लक्ष्य को पूरा कर लिया और विजेता बनी द्य जीत के साथ ही स्वीप वारियर्स की टीम ने सभी मतदाताओं को मतदाता जागरूकता का संदेश देते हुए शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया।

# नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत में निदेशक प्रभारी ने किया दौरा, बढ़ाया भिलाई बिरादरी का हौसला



**भिलाई, 14 अप्रैल ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान कई क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ निष्पादन करने के साथ अन्य कार्य क्षेत्रों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन दर्ज कर उपलब्धियां हासिल की है। इसके साथ ही भिलाई बिरादरी ने नए वित्त वर्ष 2024-25 में और अधिक व श्रेष्ठ निष्पादन करने स्वयं को तैयार कर लिया है। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने 13 अप्रैल 2024 को संयंत्र के विभिन्न विभागों का दौरा किया। जहाँ उन्होंने सभी अधिकारियों और कार्मिकों से मुलाकात की, उन्हें उनके प्रदर्शन के लिए बधाई दी और वर्तमान वित्तीय वर्ष में बेहतर प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित किया। 13 अप्रैल को संयंत्र भ्रमण का प्रारंभ निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने इस्पात भवन से किया। इस अवसर पर इस्पात भवन में मानव संसाधन विकास विभाग, आई आर, जनसम्पर्क विभाग, परियोजना विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित थे। उन्होंने इस्पात भवन में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नए वित्त वर्ष के साथ-साथ हिंदू नववर्ष, गुड़ी पड़वा, बैसाखी, बंगाली नववर्ष की शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने कहा पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में आप लोगों ने उत्कृष्ट निष्पादन व श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त किया है, इस उपलब्धि में आप सभी के कार्यों का प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। अनिर्बान दासगुप्ता ने सार्वजनिक रूप से किए जाने वाले कार्यों, उपलब्धियों और नवीन वित्तीय वर्ष 2024-25 की चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस पर चर्चा करते हुए कहा, कि आप सभी के प्रयासों से ही ये श्रेष्ठ परिणाम प्राप्त करना संभव हुआ है। उन्होंने सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने एवं सुरक्षित रूप से कार्य करने पर विशेष जोर दिया। अनिर्बान दासगुप्ता ने वर्तमान वित्त वर्ष में, संयंत्र के आगामी लक्ष्यों के लिए कॉस्ट कटिंग ना करके कॉस्ट सेविंग अर्थात् मितव्ययता और समय से पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया। इस भ्रमण के दौरान अनिर्बान दासगुप्ता के साथ संयंत्र के कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रबर्ती, कार्यपालक निदेशक डॉ अशोक कुमार पंडा, कार्यपालक निदेशक समीर स्वरूप, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक बी के गिरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक तापस दासगुप्ता और विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी गण, मुख्य महाप्रबंधकगण, महाप्रबंधकगण सहित इस्पात बिरादरी के अन्य सदस्य उपस्थित थे। प्रारंभ में कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय ने उपस्थित इस्पात बिरादरी के सदस्यों को संबोधित करते हुए नए वित्त वर्ष की शुभकामनाएं दी।

### दो विधानसभा क्षेत्र के सीलिंग दलों को दिया गया प्रशिक्षण

**महासमुंद 14 अप्रैल ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए ईवीएम को सीलिंग कर तैयार करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक द्वारा विधानसभावार अलग-अलग दलों का गठन किया गया है। जिसमें से बसना और खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के सीलिंग दलों को जिला मुख्यालय में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर श्री रवि साहू , एसडीएम बागबाहरा श्रीमती सृष्टि चंद्राकर , एसडीएम बसना श्री रविराज ठाकुर उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी ने पावर पाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट तथा वीवीपीएटी को तैयार करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया।

### जन्म-मृत्यु पंजीयन प्रारूप में विसंगति को किया जाए दूर : विश्वा

**भिलाई, 14 अप्रैल ।** नए जन्म-मृत्यु पंजीयन प्रारूप में जानकारी प्रदान की कई विसंगतियां देखने में आ रही हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार नए प्रारूप मृत्यु पंजीयन में मृतक के माता-पिता के नाम के साथ ही उनके आधार कार्ड की प्रति और उसका नंबर दर्शाना पड़ता है। इसकी जानकारी न देने से कंप्यूटर फॉर्म की एंट्री नहीं करता है और नाम दर्ज नहीं हो पाता है।

विसंगति का कारण यह है कि सामान्यतः बुजुर्ग महिला-पुरुष जिनकी उम्र 70 से 90 के बीच हो जाती है तो उनका आधार कार्ड तो एंट्री हेतु मिल जाता है, पर उनके माता--पिता का भी आधार कार्ड या इसका नंबर किसी भी तरह से उपलब्ध नहीं हो सकता क्योंकि आधार कार्ड आज से 10-15 वर्ष पूर्व उपलब्ध ही नहीं था और जब उपलब्ध ही नहीं तो फिर उसकी नंबर व दर्ज कैसे संभव है ? इसका कोई समाधान भी नहीं है। नए प्रारूप में कई नागरिक इस कारण अपने मृत परिजनों का मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं प्राप्त कर पा रहे हैं। इस विसंगति की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए सीनियर एडवोकेट एल एन विश्वा ने कहा है कि शासन को शीघ्र ही इस समस्या का निदान जनहित में करना चाहिए।

**फ्लैग मार्च**



### पुलिल ने फ्लेग मार्च निकालकर चुनाव आचार संहिता पालन करने का संदेश दिया

**कवर्धा।** आगामी लोकसभा चुनाव एवं त्योहारी सीजन को देखते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु पौड़ी पुलिस द्वारा मध्य प्रदेश शस्त्र बल 5 वीं वाहिनी मुरैना के साथ संयुक्त रूप से पोड़ी में फ्लैग मार्च निकाला गया तथा लोगों को त्यौहार शांतिपूर्ण मनाने तथा चुनावी आचार संहिता का पालन करने फ्लैग मार्च निकाल कर लोगों को संदेश दिया गया ।

### बिना बताए ड्यूटी से गैरहाजिर आरक्षक को एसपी ने किया लाइन अटैच

**भिलाई, 14 अप्रैल ।** चुनाव ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में एसपी जितेंद्र शुक्ला ने छावनी थाने में पदस्थ सिपाही दीपक कुमार माने को सस्पेंड कर दिया है। आचार संहिता के दौरान एसएसटी टीम में ड्यूटी लगाई गई थी। छावनी थाना प्रभारी ने उसे 15 दिन पहले थाने की ड्यूटी से रिलीव कर दिया था। दीपक छावनी थाने से रिलीव होने के बाद ड्यूटी ज्वाइन करने पहुंचा। कई दिन तक उसने फ्लाइंग की ड्यूटी की, लेकिन पिछले दो तीन दिनों से वो ड्यूटी ही नहीं जा रहा था। जब उसके इंचार्ज ने पूछा कि वो ड्यूटी क्यों नहीं आ रहा है, तो उसने कहा कि मन नहीं कर रहा है। जब मामला एसपी दुर्ग जितेन्द्र शुक्ला के पास पहुंचा, तो उन्होंने इसे बड़ी लापरवाही बताया। एसपी ने दीपक माने को सस्पेंड करते हुए लाइन अटैच कर दिया है। एसपी की इस सख्त कार्रवाई से पूरे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला ने सभी अधिकारियों, थाना प्रभारियों और पुलिस कर्मियों को चुनावी ड्यूटी में किसी भी तरह की कोताही न बरतने का निर्देश दिया है।

# तीन दिवसीय शिविर में मेडीटेशन धम्मा संस्कार व पर्सनालिटी डेवलपमेंट की जानकारी दी



**भिलाई, 14 अप्रैल ।** महामानव मल्टीपर्पस सोसायटी भिलाई छत्तीसगढ़ एवं मथायोम वटमाई क्रोगंथोग बैंकाक थाईलैंड के सहयोग तीन दिवसीय शिविर का आयोजन डॉ बाबासाहेब आंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर -6 में हुआ। शुभारंभ कार्यक्रम में डॉ बाबासाहेब आंबेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर -6 की अध्यक्षा सविता मेश्राम व दंत चिकित्सक डॉ.भूषण भोईर के द्वारा हुआ। महामानव मल्टीपर्पस सोसायटी के अध्यक्ष आशीष चौहान ने तीन दिवसीय शिविर के बारे में विस्तृत जानकारी दी जिसमें आगामी समय में भारत व थाईलैंड के संस्कृति आदान-प्रदान कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। जिसमें हर रविवार को बच्चों के लिए धम्म शाला का आयोजन भिलाई में किया जा रहा है, बच्चों व युवाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए गीत संगीत, डांस पेंटिंग, एक्टिंग, पर्सनालिटी डेवलपमेंट, करियर गाइडेंस व स्वरोजगार प्रशिक्षण भी दिया जायेगा एवं छत्तीसगढ़ स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। शिविर में प्रशिक्षक भंते अमोल जी थाईलैंड द्वारा प्रशिक्षण दिया गया जिसमें पंचशील का अर्थ व महत्व, दैनिक जीवन में भोजन पानी पर्यावरण व साफ सफाई का महत्व बताया गया। पुलकित चौहान ने ब्रेन पावर बढ़ाने के लिए ब्रेन एक्सरसाइज बताया। विशेष अतिथि संतोष श्याम कुंवर ने बच्चों को पी एस सी एवं यूपीएससी की तैयारी कैसे करें व अपने लक्ष्य पर कैसे पहुंचे इस पर अपने विचार व्यक्त किये। विशेष अतिथि सुरेन्द्र वैद्य ने धम्म संस्कार पर अपने विचार व्यक्त किए व बच्चों को बैंकिंग व व्यवसाय के क्षेत्र में करियर कैसे बनायें इस विषय पर विस्तृत रूप से जानकारी दी।



### सेक्टर-6 में सार्वजनिक प्याऊ का उद्घाटन

**भिलाई, 14 अप्रैल ।** ब्रह्मभट्ट ब्राह्मण समाज एवं रूद्र सेना के संयुक्त तत्वावधान में सेक्टर-6 में सार्वजनिक प्याऊ का उद्घाटन कार्यक्रम विगत दिवस संपन्न हुआ। ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ सदस्य एवं नगरीय निकाय के कर्मचारी नेता संजय शर्मा के नेतृत्त्व में शुभारम्भ हुए इस प्याऊ घर में राहगीरों को शीतल जल के साथ-साथ चना एवं गुड़ भी दिया जायेगा। साथ ही आसपास घने वृक्षों की छाया भी हैं जहाँ रुककर पथिक विश्राम भी कर सकते हैं। बगल में शर्मा आरटीओ एजेंट का कार्यालय है जिनके स्वयंसेवकों द्वारा सेवादारी भी की जाती है। इस बारे में बताते हुए संजय शर्मा ने बताया कि ब्राह्मण समाज के सौजन्य से प्याऊ घर के संचालन का यह 11 वां वर्ष है। उनके पिताश्री के इच्छानुसार श्रमदान के द्वारा यह पुनीत कार्य संपन्न कराया जाता है। इसमें सभी की सहभागिता रहती है। इस अवसर पर प्याऊ घर का उद्घाटन करते हुए वरिष्ठ श्रमिक नेता प्रभुनाथ मिश्र ने कहा कि प्यासे को पानी पिलाना पुण्य का काम है इसके लिए संस्था के सदस्य बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर बॉक्सिंग के सीनियर कोच लालमन यादव सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

### मतदान करना हमारा संवैधानिक अधिकार है, इससे हमारा और देश का भविष्य निर्धारित होता है:कमिश्नर

**दुर्ग, 14 अप्रैल।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आज दुर्ग जिले के खालसा स्कूल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विभाग द्वारा मातृशक्ति द्वारा मतदाता जागरूकता पर आधारित रंगोली, मेंहदी, सलाद, व्यंजन तैयार कर प्रतियोगिता आयोजित की गई। स्वीप के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सुपरवाईजर द्वारा मतदाता जागरूकता तख्ती में लिखे स्लोगन के माध्यम से 07 मई को लोकतंत्र के महापर्व में शतप्रतिशत मतदान में सहभागिता के लिए मतदाताओं को जागरूक किया गया। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कल्याण कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा बैंड के माध्यम से 'भारत हमे जान से प्यारा है' गीत की प्रस्तुति दी गई। संभाग आयुक्त श्री सत्यनारायण राठौर, निर्वाचन व्यय प्रेक्षक श्री प्रसन्ना वी. पत्तनसेठ्ठी एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बनाए गए रंगोली, पेंटिंग, मेंहदी, सलाद, रेडी-टू-ईट द्वारा तैयार व्यंजन का अवलोकन किया।

# ओएचपी-ए में कैपिटल रिपेयर के पश्चात स्टेकर-4 का उद्घाटन



**भिलाई, 14 अप्रैल ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के ओएचपी-ए स्थित स्टेकर-4 का कैपिटल रिपेयर के पश्चात उद्घाटन कार्यकारी कार्यपालक निदेशक तापस दासगुप्ता द्वारा मुख्य महाप्रबंधक एच के पाठक, महाप्रबंधक प्रभारी आई सेनगुप्ता, महाप्रबंधक राकेश पाण्डेय, महाप्रबंधक रंजन भारती, महाप्रबंधक ए के सिंह की उपस्थिति में किया गया। विदित हो कि ओएचपी-ए का स्टेकर नंबर 4, वर्ष 2002 में चालू किया गया था और तब से परिचालन में था। लंबे अवधि से लगातार परिचालन में होने के कारण इसका स्ट्रक्चर और अन्य मेकेनिज्म कमजोर हो गए थे और संचालन के लिए सुरक्षित नहीं थे। स्टेकर नंबर 4 को जनवरी 2024 में कैपिटल रिपेयर के लिए लिया गया था। पूरे स्टेकर को फिर से इन-हाउस डिजाइन के साथ इसका पुनर्निर्माण किया गया। लगभग 2.5 करोड़ की लागत से स्टेकर-4 के लिए बूम का फेब्रिकेशन, बेस स्ट्रक्चर और हॉयस्टिंग मेकेनिज्म सहित मटेरियल फेब्रिकेशन और इरेक्षन वर्क किया गया। कैपिटल रिपेयर के दौरान स्टेकर के भीतर का पूरा विद्युत तंत्र और वायरिंग भी बदला गया।

# एसएमएस-3 विभाग में पाली एवं कर्म शिरोमणि पुरस्कार समारोह आयोजित



**भिलाई, 14 अप्रैल ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-3 में विगत दिनों पाली एवं कर्म शिरोमणि पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित महाप्रबंधक ए बी श्रीनिवास ने कार्मिकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह पुरस्कार उत्कृष्ट कार्य के साथ-साथ विशेषकर सुरक्षा के पालन करने हेतु दिया गया है। उप प्रबंधक अशोक कुमार चौकीदार को पाली शिरोमणि पुरस्कार से नवाजा गया। इसी क्रम में एसएमएस-3 के धनंजय कुमार सिंह, आर पुष्पा अर्चना, पुनऊ दास, ओम प्रकाश, तापस बाउरी एवं रंजीत साह को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कृत कार्मिकों के जीवनसाथी हेतु प्रोत्साहन स्वरूप प्रशंसा पत्र प्रदान किया है। कार्यक्रम में स्टील मेल्टिंग शॉप-3 के महाप्रबंधकगण पी सतपथी, यतेन्द्र कुमार, त्रिभुवन बैठा, डी विजिथ तथा उप महाप्रबंधक संजीव कुमार सोनी भी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### डोंगरगांव में महाराष्ट्र की शराब बेचते आरोपिया पकड़ाई



डोंगरगांव, 14 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। 14 अप्रैल को थाना प्रभारी डोंगरगांव निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे थाना डोंगरगांव क्षेत्रों मे जुआ, शराब, चोरी के गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है, इसी दौरान 13 अप्रैल को थाना डोंगरगांव पुलिस को प्राप्त मुखबीर से सुचना के आधार पर पुलिस टीम गठित कर मेन रोड आरी ङ्क कोनारी चौक, ग्राम आरी के पास घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया, आरोपिया माधुरी नेताम पिता बिसेलाल नेताम, ग्राम आरी , थाना डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव, छ0ग0, को रंगे हाथो शराब बिक्री करते पाया गया, आरोपी के खिलाफ अपराध धारा- 34(1)(ख) आबकारी एक्ट अपराध कायम कर कार्यवाही करते हुये आरोपी के पास से सफेद रंग के प्लास्टिक की एक बोरी मे 16 नग देशी दारू शराब, महाराष्ट्र निर्मित प्रत्येक मे 180 एमएल, सीलबंद, कुल 2880 द्वद्य कीमती 1120/-रूपये बिक्री रकम 700/-रूपये कुल जुमला 1820/-रूपये को मौके पर आरोपीया से जप्त कर मौके पर गिरफ्तारी की जाकर कार्यवाही की गई। थाना डोंगरगांव पुलिस की कार्यवाही आगे जारी रहेगी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

रायपुर, 13 अप्रैल। जायसवाल निको कंपनी गेट के पास सांकरा में अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वहीं दो लोग घायल हो गए। मामले में धरसींवा पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक कृष्णा सिंह 35 वर्ष एपीआई लेबर क्वार्टर सिलतरा का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह बाइक क्रमांक सीजी 04 एमके 3898 में अपने दोस्‍ श्रीचंद सिंह व महेश घासी के साथ सवार होकर कहीं जा रहा था, तभी सांकरा के जायसवाल निको कंपनी गेट के पास अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। जिससे कृष्णा सिंह की मौत हो गई। वहीं उसके दो दोस्त घायल हो गए, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है।

### चाकू लहराते युवक गिरफ्तार

रायपुर, 13 अप्रैल। गोलबाजार पुलिस ने चाकू लहराते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि शास्त्री बाजार स्थित पिंक टायलेट के पास एक युवक चाकू लेकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी गणेश गरूड़ 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से चाकू जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### एयरटेल ने मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में 29 लाख 5-जी ग्राहकों की उपलब्धि हासिल की

रायपुर, 14 अप्रैल। भारत के अग्रणी टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स में से एक, भारती एयरटेल (एयरटेल) ने आज घोषणा की है कि मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में अब 29 लाख ग्राहक उनकी 5 जी सेवा का आनंद उठा रहे हैं। कंपनी ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के सभी शहरों और जिलों में सफलतापूर्वक अपनी 5जी सेवा की शुरुआत कर दी है, जो नेक्स्ट जेनरेशन की मोबाइल सुविधाएं देने की दिशा में एक उत्साहजनक कदम है। पिछले 6 महीनों में मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में एयरटेल के 5जी अपने नेटवर्क का पूरे राज्य में विस्तार कर दिया है, जिससे ग्राहकों को 5जी सेवा से जुड़ना आसान हो गया। सांची स्तूप जैसे ऐतिहासिक स्थलों से लेकर प्रसिद्ध तीर्थ स्थल उज्जैन और अपनी मूर्तिकला के लिए प्रसिद्ध खजुराहो तक, एयरटेल संपूर्ण मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में अपनी सेवाएं लगातार मुहैया करा रही है।

# भारतीय खेल प्राधिकरण राजनांदगांव की टीम ने जीता स्वीप हॉकी मतदान कप

- स्वीप हॉकी प्रतियोगिता खेलकर खिलाड़ियों ने 26 अप्रैल को मतदान के लिए नागरिकों से किया आव्हान
- हॉकी खिलाड़ियों ने बॉल और हॉकी से स्वीप आकृति बनाकर मतदान के लिए लोगों को किया प्रेरित
- अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में स्वीप हॉकी प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव, 14 अप्रैल। अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में स्वीप हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वीप हॉकी प्रतियोगिता में भारतीय खेल प्राधिकरण राजनांदगांव और खेलो इंडिया सेंटर राजनांदगांव की महिला टीम के बीच मैच हुआ। स्वीप हॉकी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने हिस्सा लेकर 26 अप्रैल 2024 को मतदान के लिए नागरिकों से आव्हान किया।

अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फहॉकी स्टेडियम में हॉकी खिलाड़ियों द्वारा बॉल और हॉकी से स्वीप आकृति बनाकर मतदान के लिए लोगों को प्रेरित किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने विभिन्न कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप सुरूचि सिंह के निर्देशन पर जिले में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए व्यापक तौर पर कार्य किए जा रहे हैं।



जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप सुरूचि सिंह ने भारतीय खेल प्राधिकरण राजनांदगांव और खेलो इंडिया सेंटर राजनांदगांव महिला विंग्स खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और सभी खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने स्वीप हॉकी प्रतियोगिता की विजेता टीम भारतीय खेल प्राधिकरण राजनांदगांव को स्वीप हॉकी मतदान कप 2024 देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही उप विजेता टीम खेलो इंडिया सेंटर राजनांदगांव को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने मतदाता सूची में जुड़े खिलाड़ियों को मतदान दिवस 26 अप्रैल को मतदान करने के लिए प्रेरित किया और अन्य खिलाड़ियों से घर के अभिभावकों को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करने कहा। उन्होंने बताया कि 19 अप्रैल 2024 शुक्रवार को फिट राजनांदगांव, फिट वोटर्स, गुड मॉर्निंग राजनांदगांव कार्यक्रम पुष्प वाटिका रानी सागर के पास आयोजित किया जाएगा। जिसमें सभी को हिस्सा बनने कहा।

नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने खेल के साथ-साथ अच्छी पढ़ाई करने की सलाह दी। उन्होंने खिलाड़ियों को लोकतंत्र में एक-एक वोट के महत्व के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने मतदान दिवस 26 अप्रैल को अपने अभिभावकों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने कहा। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, सहायक नोडल अधिकारी स्वीप श्रीमती रश्मि सिंह, रणविजय सिंह सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं हॉकी खिलाड़ी उपस्थित थे।

### मतदान अधिकारियों को दिया जा रहा द्वितीय चरण का प्रशिक्षण

# मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षण में मतदान प्रक्रिया और नियम की दी गई जानकारी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव, 14 अप्रैल। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के तहत स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान संपन्न कराने के लिए मतदान दल अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मतदान अधिकारियों को द्वितीय प्रशिक्षण के अंतर्गत मतदान दलों को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण दो पालियों में दिया जा रहा है।

जिले के सभी पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 1, मतदान अधिकारी क्रमांक 2 एवं अन्य सभी मतदान दल अधिकारियों का प्रशिक्षण संचालित हैं, जिसमें जिला प्रशासन द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों को दो से तीन दिवस पूर्व टैक्स्ट मैसेज के माध्यम से प्रत्येक अधिकारी को उनके मोबाईल नम्बर पर उनका मतदान दल क्रमांक, उनके दायित्व का पद तथा उनका प्रशिक्षण केन्द्र एवं रूम नम्बर तक की जानकारियां सीधे मोबाईल पर प्रदान की जा रही है। जिससे मतदान अधिकारियों को मैसेज की सुविधा के कारण अपना प्रशिक्षण केन्द्र एवं रूम नम्बर जानने से अत्यधिक सुविधाजनक महसूस कर रहें हैं। प्रशिक्षण स्थल हेतु जिला मुख्यालय में 4 स्कूलों का चयन किया गया है। जिसमें शासकीय महरानी लक्ष्मी बाई कन्या स्कूल, सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम स्कूल, ठाकुर प्यारेलाल




स्कूल तथा गुरूनानक स्कूल का चयन किया गया है। प्रत्येक स्कूल में 10 प्रशिक्षण कक्ष प्रोजेक्टर, लैपटाप एवं अन्य सुविधाओं के साथ प्रशिक्षित प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किये जाने की व्यवस्था की गई हैं।

प्रशिक्षण नोडल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरूचि सिंह द्वारा प्रशिक्षण का प्रतिदिन निरीक्षण किया जा रहा है। प्रत्येक रूम में जाकर समस्त प्रतिभागियों से प्रशिक्षण का फीडबैक तथा मतदान संबंधी अन्य जानकारियां प्रदान की जा रही है। प्रशिक्षण में बिना पूर्व अनुमति के अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों को निरंतर कारण बताओं नोटिस जारी किये जा रहे हैं। प्रशिक्षण अंतर्गत प्रथम पाली में प्रजेन्टेंशन के माध्यम से प्रशिक्षण तथा द्वितीय पाली में ईवीएम मशीन के माध्यम से मतदान प्रशिक्षण की भौतिक जानकारी दी जा रही है साथ ही प्रशिक्षण स्थल पर ही एक सुविधा केन्द्र का निर्माण किया गया है। डाकमत पत्र के संबंध में प्रपत्र प्रदान कर कार्यवाही की जा रही है साथ ही लक्ष्य रखा गया है कि प्रत्येक मतदान दल अधिकारी को हर विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की जाए जिससे किसी के भी मन में कोई शंका की स्थिति उत्पन्न ना हो और मतदान का कार्य समय पर और सुविधा पूर्ण तरीके से पूर्ण किया जा सके।

### चुनाव लडऩे वाले अभ्यर्थियों के व्यय लेखा का किया प्रथम परीक्षण

राजनांदगांव 14 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक प्रवीण रंजन द्वारा 12 अप्रैल 2024 को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में निर्वाचन लडऩे वाले अभ्यर्थियों के व्यय लेखा का प्रथम परीक्षण किया गया। व्यय प्रेक्षक प्रवीण रंजन ने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव अंतर्गत व्यय लेखा के प्रथम परीक्षण में निर्वाचन लडऩे वाले कुल 15 अभ्यर्थियों में से 13 उपस्थित एवं 2 अनुपस्थित रहे। प्राप्त जानकारी अनुसार अनुपस्थित बहुजन समाज पार्टी के अभ्यर्थी देवलाल सिन्हा (सोनवंशी) एवं निर्दलीय अभ्यर्थी भुवन साहू को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा नोटिस जारी किया गया है। भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी संतोष पाण्डेय को अभ्यर्थी के व्यय लेखा व छाया प्रेषण रजिस्टर के अनुसार व्यय में अंतर के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नोटिस जारी किया गया है। लोकसभा निर्वाचन 2024 के संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव अंतर्गत व्यय लेखा के प्रथम परीक्षण के अनुसार इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी भूपेश बघेल का 9 लाख 27 हजार रूपए, भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी 13 लाख 92 हजार रूपए, शक्ति सेना (भारत देश) के अभ्यर्थी नारद प्रसाद निषाद का 25 हजार रूपए, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के अभ्यर्थी रमेश राजपुत का 25 हजार रूपए, न्याय धर्म सभा के अभ्यर्थी रामफल पाटिल का 12 हजार 500 रूपए, हमर राज पार्टी के अभ्यर्थी श्रीमती ललिता कंवर का 32 हजार 675 रूपए, राष्ट्रीय जनसभा पार्टी के अभ्यर्थी लाखन सिंह टंडन का 12 हजार 500 रूपए तथा निर्दलीय अभ्यर्थी अजय पाली का 25 हजार रूपए, त्रिवेणी पडोती का 12 हजार 712 रूपए, इंजि. बसंत कुमार मेश्राम का 50 हजार 354 रूपए, विशेष धमगाये का 12 हजार 500 रूपए, एएच सिद्दीकी का 25 हजार रूपए, सुखदेव सिन्हा का 25 हजार रूपए अब तक व्यय हुआ है। इस दौरान सहायक व्यय प्रेक्षक टेकेन्द्र भट्ट एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### 8वीं के छात्रों को दी विदाई



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

धामनसरा, 14 अप्रैल। राजनांदगांव शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला धामनसरा में कक्षा आठवीं वाले विद्यार्थियों कक्षा सातवीं एवं छठवीं विद्यार्थियों ने विदाई समारोह रखा जिसके मुख्य अतिथि रोशनी वैष्णव क्षेत्रीय जनपद सदस्य अध्यक्षता लोकेश गंगवीर विशेष अतिथि कृष्णा पटेल अध्यक्ष ग्राम विकास समिति बिसे पटेल नारायण दास वैष्णव अतिथि में मां सरस्वती पुजा अर्चना कर विदाई समारोह किया गया तथा आठवीं विद्यार्थियों को रोशनी योगेन्द्र वैष्णव उद्बोधन कहां कि छात्र छात्राओं देश भविष्य हो। आगामी शिक्षा सत्र में उच्च कक्षा प्रवेश करोगे तो अनुशासन तथा शिक्षको मार्गदर्शन में ही सफलता हासिल होगा प्रधान पाठक चंदन सिंह भरतद्वाज जीवनलाल बेलसरिया माधो उइके रोहित सहित शिक्षकगण उपस्थित रहा।

# धूमधाम से मनाई गई बैसाखी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

नगरी, 14 अप्रैल। सिक्ख एवं सिंधी समाज के द्वारा नगर में बैसाखी पर्व हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया, इस अवसर पर सिक्ख एवं सिंध समाज के संगत द्वारा सुबह 10:30 बजे से शबद कीर्तन किया गया तत्पश्चात गुरु का आम लंगर वितरण किया गया। जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रसादीय ग्रहण किया इस अवसर पर गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा नगरी में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए, बताते चलें कि मूल रूप से बैसाखी का त्योहार, दसवें सिख गुरु गुरु गोबिंद सिंह ने 1699 में खालसा पंथ की नींव रखी थी। उसी दिन खालसा पंथ का गठन किया गया था और तब से पूरे विश्व के सिख समुदाय के लोगों द्वारा इसे बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। पवित्र बैसाखी पर्व के अवसर पर समाज सेवी गोलू सोनी द्वारा गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा नगरी के लिए कुलर की सेवा प्रदान की, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष अनिल वाधवानी ने नगर वासियों को बैसाखी पर्व की बधाई दी है।



कार्यक्रम में ज्ञानी हैप्पी सिंह सुरजीत सिंह खनूजा कोमल पंजाबी ममता मोटवानी ज्योति खनूजा रणदीप खनूजा प्रेमचंद वाधवानी का विशेष योगदान रहा। साथ ही गुरु के लंगर सेवा में विक्की खनूजा जसपाल सिंह खनूजा उमंग खनूजा जगजीत खनूजा जयदीप खनूजा प्रेम वाधवानी बलजीत छाबड़ा अमरजीत सिंह भाटिया रनजीत खनूजा गोलू वाधवानी शंकर पंजाबी राकेश नारंग सुरेश नारंग रमेश टहलवानी गिरधर टहरवानी दयाल टहलवानी राजकुमार टहलवानी विनय नारंग साथ साथ ही सिक्ख एवम सिंधी समाज के संगत ने उपस्थिति देकर गुरु घर की खुशियां प्राप्त की।

## समाचार संक्षेप

### भाजपा के पक्ष में गांव-गांव में जाकर प्रचार कर रह कार्यकर्ता



नगरी, 14 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कांकेर लोकसभा क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी भोजराज नाग के पक्ष में गांव-गांव प्रचार हेतु अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम, भाजपा के वरिष्ठ नेता जिला भाजपा के मंत्री एवं मगरलोड मंडल के प्रभारी राजेंद्र गोलछा मंडल अध्यक्ष विजय यदु, महामंत्री रामायण सिन्हा, जनपद सदस्य हिरामन ध्रुव, अय्युब खान सिंगपुर क्षेत्र के अनेक ग्रामों का दौरा किया।इस दौरान अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम ने ग्रामीणो से चर्चा करते हुए कहा कि केंद्र के नरेंद्र मोदी के सरकार अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हमें मिल रहा है। वहीं प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद किसानों को 3100 धान की कीमत मिल रहा है वही 2 साल का धान का बोनस प्राप्त हुआ है। महिलाओं को महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष 12000 मिलना है।जिसमें दो माह का राशि एक-एक हजार उनके खातों में दिया जा चुका है। तेंदूपत्ता पत्ता का 5500 मानक बोरा रेट दिया जावेगा इसके अतिरिक्त तेंदूपत्ता संग्राहकों को मिलने वाली अन्य सुविधाओं का लाभ भी मिलेगा।विकास मरकाम ने कहा की हमें पुनः केंद्र में नरेंद्र मोदी की गारंटी को ध्यान में रखते हुए भाजपा की सरकार बनाना है। इसके लिए भारतीय जनता पार्टी को वोट देने के लिए निवेदन किया।इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### भूपेश बघेल को वोट देने की अपील की



राजनांदगांव, 14 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र ग्राम पार्री खुर्द कुसमी खुटेरी मनकी खैरा रवेली जंगलेसर में आमसभा लेकर सभा को गिरीश देवांगन पूर्व अध्यक्ष खनिज निगम जितेन्द्र मुदलियार पूर्व अध्यक्ष युवा आयोग भागवत साहू जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव ग्रामीण रोहित चंद्राकर अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव तुकज साहू पूर्व मंडी सदस्य योगेन्द्र दास वैष्णव महामंत्री जिला किसान कांग्रेस राजनांदगांव ने सभा संबोधित किया केन्द्र सरकार ने 2करोड युवाओं रोजगार महिलाओं खाता में 15लाख गैस सिलेंडर सस्ता दाम महंगाई कम करने पिछले दो चुनाव जीत लेकिन ये काम धरातल पर नहीं दिख रहा भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में किसान हितैषी योजनाओं चलाकर संबल बनाया भूमिहीन मजदूरों के सीधा खाता पैसा दिया युवाओं महिलाओं बहुत योजनाओं चलाकर नया छत्तीसगढ़ परिकल्पना साकार किया तथा छत्तीसगढ़ संस्कृति नया आयाम दिया आने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस सांसद प्रत्याशी भूपेश बघेल को वोट देकर सांसद बनाओ मजबूत सांसद रहने से संस्कार धानी राजनांदगांव विकास संभव होगा साथ में जोन प्रभारी रवि साहू उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र साहू सेक्टर प्रभारी तेजेन्द्र वैष्णव उमर ठाकुर भेष दिलीप चंदाकर भेषसाहु विक्की साहू चेतन चंदाकर मानसिंह साहू चैत राम साहू बालेश्वर चंदाकर सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहा।

### 40 पौवा महाराष्ट्र निर्मित शराब का परिवहन करते अंतर्राज्यीय कोचिया गिरफ्तार



राजनांदगांव, 14 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग व अति पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव राहूल देव शर्मा व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी दिलीप सिसोदिया के दिशा-निर्देशन पर जिले में चलाये जा रहे अवैध मादक पदार्थ तस्करी के रोकथाम हेतु लगातार कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके परिपालन में महाराष्ट्र से छत्तीसगढ़ आने वाले रास्तों पर दिनांक 13/04/2024 को मुखबीर सुचना पर एक व्यक्ति मोटर सायकल प्लेटिना बिना नंबर मे प्लास्टिक की बोरी मे ग्राम कुहीखुर्द मोड के पास जाने वाले मार्ग मे अवैध रूप से शराब का परिवाहन कर रहा है की सूचना पर मौके पर पहूंचकर रेड कार्यवाही किया गया। मौके पर एक व्यक्ति मोटर साइकिल प्लेटिना बिना नंबर से ककोड़ी महाराष्ट्र से राजनांदगांव की ओर आते मिला, जिसे हिक्मत अमली से रोककर नाम पता पुछने पर अपना नाम मनीष साहू पिता दरबार साहू उम्र 19 साल साकिन खपराभाट थाना गैंदाटोला जिला राजनंदगांव छत्तीसगढ का होना बताया, उसके द्वारा मोटर साईकिल में सफेद प्लास्टिक की बोरी में वजनी सामान रखे मिला, बोरी को खोलकर चेक करने पर बोरी के अंदर में महाराष्ट्र निर्मित कुल 40 पौवा प्रत्येक मे 108-180 मिलीलीटर जो कांच की शीशियो मे सीलबंद प्रिमीयम गोल्ड नामक शराब, कुल 7.200 बल्क लीटर कीमती 2800/- रूपये को मोटर सायकल से अवैध रूप से परिवहन करते पाए जाने पर शराब एवम् मोटर साईकिल कीमती 13000/- रूपय जुमला कीमती 15800/- रूपये का जप्त कर विधिवत कार्यवाही पर आरोपी का कृत्य मामला 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत अपराध करते पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक रिमांड हेतु न्यायालय पेश किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी गैंदाटोला निरीक्षक रमेश पटेल, उप निरीक्षक रोहित खुंटे, आरक्षक 1078 महेन्द्र जोशी एवं 1213 मोहित साहू का विशेष योगदान रहा।

### निगम आयुक्त पहुंचे स्टेशन पारा व गौरीनगर, मतदान केन्द्र का निरीक्षण कर पोलिंग बूथ के लिये आवश्यक व्यवस्था करने दिए निर्देश

# अधिकारियों के साथ सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव, 14 अप्रैल। प्रतिदिन वार्ड भ्रमण की कडी में आज निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता तकनीकि एवं स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ वार्ड नं. 12 स्टेशन पारा तथा वार्ड नं. 13 गौरीनगर क्षेत्र में साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर स्कूलों में मतदान केन्द्र देख आवश्यक व्यवस्था के निर्देश दिये।

स्टेशन पारा एवं गौरीनगर में साफ सफाई का जायजा लेकर हाजरी रजिस्टर की जॉच कर कहा कि बिना कारण कोई भी कर्मचारी अनुपस्थित न रहे तथा निर्धारित समय तक साफ सफाई करना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि गलियों व सडकों की नियमित सफाई कर कचरा उठावे, अपने घरों के आस पास साफसुथरा रखने घर में ही कचरा पृथककरण कर कचरा डोर टू डोर कचरा संग्रहण गाडी में डालने लोगों को समझाईस देवे, साथ ही पद यात्री मार्ग स्टेशनपारा रोड में प्रतिदिन समुचित साफसफाई रखे। इसके अलावा आम्बेडकर मूर्ति व सामुदायिक भवन के आस पास साफ सफाई कर चुना लाईन डालने के निर्देश दिये।

निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधोसंरचना मद अंतर्गत स्टेशन पारा शिक्षक नगर में चल रहे रमा बाई परिसर में आम्बेडकर सामुदायिक भवन निर्माण एवं नूरी मस्जिद गली गौरी नगर में सीमेंट कांक्रिटिंग रोड व नाली निर्माण का जायजा लेकर



कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये। इसके अलावा उन्होंने गौरी नगर स्कूल एवं बापू प्राथमिक शाला स्टेशन पारा में मतदान केन्द्र का निरीक्षण कर शौचालय की साफ सफाई व पानी की व्यवस्था करने, पोलिंग बूथ के लिये आवश्यक व्यवस्था करने तथा केन्द्र क्रं. लिखाई कार्य पूर्ण करने के निर्देश कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके को दिये। उन्होंने कहा कि नवरात्रि में पद यात्रियों के आने एवं आम्बेडकर जयंती को ध्यान में रखते हुये स्टेशन पारा क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा।

निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, उप अभियंता सुषमा साहू व डागेश्वर कर्ष, जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू व कीर्तन साहू, मिशन क्लीन सिटी सहायक प्रभारी पवन कुर्रे, सहायक उद्यान प्रभारी दिलीप गिरी, प्र.पटवारी मिलिन्द रेड्डी उपस्थित थे।

# कैसे करेंगे कठिनाइयों का सामना?

एण्डटीवी के शोज 'अटल', 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' में दर्शक अपने चहेते किरदारों को मुश्किल हालात में पाएंगे। एण्डटीवी के 'अटल' की कहानी के बारे में कृष्णा देवी वाजपेयी ने बताया, ''अवध (राहुल जेठवा) घर छोड़ने का फैसला करता है। इस बीच कृष्णा देवी (नेहा जोशी) को अटल पर भरोसा है, क्योंकि अटल अपनी संस्कृति के अनुसार अपने फैसले पर टिका रहता है और लिखित में माफी मांगने से मना कर देता है। वह अवध और सरस्वती के लिये खाना ले जाकर उनसे बात करने का निर्णय लेता है। वह चाहता है कि मामले पर चर्चा हो और समाधान निकले। अवध और सरस्वती, अटल का खाना लेने से मना कर देते हैं, लेकिन वह लगातार उनका दरवाजा खटखटाता है। अटल डटा रहता है और उनके आने तक बाहर ही इंतजार करने की बात कहता है। तोमर (महमूद हाशमी) और बब्बन उसे उकसाते हैं, लेकिन अटल शांत रहता है। कृष्णा देवी बीच में आती हैं और विमला (प्रचिती अहिराव) तथा कृष्ण बिहारी को भाइयों के बीच के मामले में पड़ने से रोकती हैं। सरस्वती, अटल को दूर धकेलने की कोशिश करती है, लेकिन कृष्णा देवी बीच में आ जाती हैं। अटल अपने भाई को खाना खिलाने के लिये संकल्पित है, जबकि सरस्वती कहती है कि अवध खाना नहीं लेगा और न ही कोई बात करेगा। क्या अवध और अटल भाई होने के नाते अपने बीच के मुद्दे सुलझा लेंगे? जब प्रेम, सादा और अटल स्कूल जा रहे होते हैं, तब तोमर उनका मजाक उड़ाता है और कहता है कि शिक्षा पाने का क्या फा य दा अगर उससे नौकरी न मिले। हालांकि, अटल आशावादी बना रहता है और कहता है कि उसके भाई अवध समेत हर किसी को नौकरी मिलेगी। जब वे निकलते हैं तब नीति नाम की एक लड़की अटल के पास आती है और उसे शादी के बजाए पढ़ाई करने में अटल की मदद चाहिये। क्या नीति को अटल से मदद मिलेगी और क्या अटल समाज में बदलाव ला सकेगा?''



एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' की कहानी के बारे में दरोगा हप्पू सिंह ने बताया, ''बिमलेश (सपना सिकरवार) चाहती है कि बेनी (विश्वनाथ चटर्जी) घर पर अपने फोन का इस्तेमाल न करे। यह आइडिया वह राजेश (गीतांजलि मिश्रा) को बताती है और राजेश भी हप्पू (योगेश त्रिपाठी) पर यही नियम लागू कर देती है। इस बीच, मास्टरजी (विजय कुमार सिंह) चमची (ज़ारा वारसी) और रणबीर (सौम्य आजाद) से कहते हैं कि उन्होंने होम लोन के लिये आवेदन किया है और रेफरेंस के तौर पर हप्पू का नाम दिया है। बच्चे उनकी मदद के लिये तैयार हो जाते हैं और कहते हैं कि वे हप्पू को रेफरेंस देने और बैंक से बात करने के लिये मना लेंगे। बदले में वह परीक्षा में पास होने के लिये मदद मांगते हैं। हप्पू को मनाने के लिये वे कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी) से मदद मांगते हैं और हप्पू उनकी बात मान लेता है। हालांकि, जब राजेश की मौजूदगी में मास्टरजी हप्पू को कॉल करते हैं, तब राजेश उसे कॉल उठाने से रोक देती है और बैंक का आदमी गुस्से में निकल जाता है। पुलिस स्टेशन में मलाइका (सोनल पंवार) चूंकि हप्पू की सीनियर बन चुकी है, इसलिये मामले सुलझाने में उसकी सुस्ती पर उसे फटकार लगाती है।

# रमजान के महीने का समापन

ईद-उल-फितर पर रमजान का समाप्ति होती है। इस त्यौहार की संस्कृति और जज़्बे को दर्शाने वाले पकवानों के साथ इसे पूरी दुनिया में मनाया जाता है। इस साल यह 11 अप्रैल को मनाया जाएगा। इस त्यौहार की काफी अहमियत है और इबादत में डूबे पूरे एक महीने के समापन के रूप में माना जाता है। रमजान में पूरे महीने रोजा रखा जाता है, नमाज पढ़ी जाती है और ऐसा माना जाता है कि यह खुद की तलाश और लोगों की मदद का मौका होता है। परिवार के लोग और दोस्त-यार खुशी के इस मौके पर इकट्ठा होते हैं, स्वादिष्ट खाना-पीना होता है, एक-दूसरे को तोहफे दिए जाते हैं और नए-नए कपड़े पहनने का रिवाज है। टेलीविजन के सितारे, एण्डटीवी की कल्ट कॉमेडी 'भाबीजी घर पर है' के आसिफ शेख (विभूति नारायण मिश्रा) और सलीम ज़ैदी (टिल्लू), मोहम्मद हाशमी (तोमर, 'अटल') और जारा वारसी (चमची, एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन'), ईद मनाने के अपने प्लान के बारे में बता रहे हैं।



एण्डटीवी के 'भाबीजी घर पर हैं' के आसिफ शेख उर्फ विभूति नारायण मिश्रा का कहना है, "हर साल मुझे अपनों के साथ ईद मनाने का बेसब्री से इंतजार रहता है। नए कपड़ों की शॉपिंग, मेरी पत्नी के हाथों के बने स्वादिष्ट पकवानों और घर पर मेहमानों के स्वागत के बिना यह त्यौहार अधूरा है। मेरे पास ईद से जुड़ी बचपन की कई यादें हैं। मुझे अच्छी तरह याद है चांद का वो इंतजार और उसके नजर आ जाने की बेसब्री, जो कि ईद के शुरू हो जाने का प्रतीक माना जाता है। उसके बाद हमें अपने नए कपड़े पहनने का मौका मिलता था। नए कपड़ों के साथ एक बेहद खुशनुमा एहसास जुड़ा है, हम एक-दूसरे को तोहफे देते थे और कजिन्स के बीच बड़ा दोस्ताना कॉम्पिटिशन होता था कि कौन ज्यादा बेहतर दिख रहा है (हँसते हुए)। वैसे तो ईदी की परंपरा का काफी महत्व था, लेकिन परिवारवालों के साथ बिताया गया अनमोल वक्त सबसे ज्यादा यादगार है। इससे ईद का सही मतलब समझ आता है कि यह भौतिक चीजों से कहीं ऊपर है। उम्मीद है कि यह ईद भी सभी के लिए ढेर सारी खुशियाँ और शांति लेकर आएगी। सबका घर ठहाकों से गूँजे, आपका दिल खुशियों से भर जाए और आपको ढेर सारी नेमत मिले। ईद मुबारक!" महमूद हाशमी, एण्डटीवी के शो 'अटल' के तोमर का कहना है, "रमजान हमेशा ही मुझे बेहद समर्पण और पूर्णता के भाव से भर देता है। यह मेरे आध्यात्मिक विकास और खुद को बेहतर बनाने की मेरी लगन को भी दिखाता है। मुझे बहुत खुशी हो रही है कि मैं अटल के कास्ट व क्रू के साथ इस बार ईद मनाऊँगा। उन्हें लजीज बिरयानी खिलाऊँगा, जो कि हमारे सेट पर बच्चों की पसंदीदा है। मेरी ईद की शुरुआत मस्जिद में नमाज के साथ होगी, उसके बाद मैं मेरे मोहल्ले के दोस्तों के साथ स्वादिष्ट नाश्ते का लुत्फ उठाऊँगा। फिर सारा दिन 'अटल' के मेरे दूसरे परिवार और प्रार्थनाओं, हँसी-ठिठोली तथा इस शो के जरिए हमें जो दुआएँ मिली हैं, उसके साथ बीतेगा। भले ही मैं मुंबई में हूँ, लेकिन मुझे अपनी माँ के हाथों की बनी स्वादिष्ट बिरयानी, मटन कोरमा, शाही टुकड़ा और शीर खुरमा की बहुत याद आएगी। मुझे अच्छी तरह याद है कैसे मैं अपने होमटाउन दिल्ली में कटोरी भर-भर के शीर खुरमा खाया करता था। इसलिए, वर्चुअल तरीके से दिल्ली में अपनों के साथ ईद मनाने और एक-दूसरे को मुबारकबाद देने की सोच रहा हूँ। इन सारे उत्सवों के बीच मैं अपने लिए थोड़ा वक्त निकालूँगा और नमाज अदा करूँगा। अपने जीवन की खुशियों के लिए उन्हें शुक्रिया कहूँगा और उनसे आगे की राह दिखाने की प्रार्थना करूँगा। मैं पूरे विश्वास, ढेर सारे प्यार, उदारता के साथ ईद मनाने की कोशिश करूँगा।



# टीवी अभिनेत्रियों ने गर्मियों में स्किनकेयर के लिये अपने सीक्रेट्स बताये!

गर्मियों का मौसम एक खुशनुमा वक्त लेकर आता है, जिसमें हम सन बाथ ले सकते हैं, आउटडोर घूम सकते हैं और आराम करके खुद को रिलैक्स भी कर सकते हैं, जो बेहद-जरूरी है। यह मौसम कई खुशियाँ लेकर आता है, लेकिन इस मौसम में स्किनकेयर के मामले में कुछ चुनौतियाँ भी होती हैं। ऐसे समय धूप में ज्यादा देर रहने और ह्यूमिडिटी का स्तर बढ़ने पर हमारी त्वचा को ज्यादा ध्यान और देखभाल की जरूरत होती है। अच्छी बात यह है कि गर्मियों में अपनी त्वचा को स्वस्थ, चमकदार और हाइड्रेटेड रखने के लिये हमारे पास कई तरीके हैं। अगर आप सोच रही हैं कि गर्मियों के दौरान अपनी त्वचा की देखभाल कैसे की जाए, तो एण्डटीवी की अभिनेत्रियाँ आपके लिये स्किनकेयर रुटीन्स के कुछ सुझाव लेकर आई हैं। इनमें शामिल हैं नेहा जोशी (कृष्णा देवी वाजपेयी, 'अटल'), गीतांजलि मिश्रा (राजेश, 'हप्पू की उलटन पलटन') और विदिशा श्रीवास्तव (अनीता भाबी, 'भाबीजी घर पर हैं')। अटल में कृष्णा देवी वाजपेयी की भूमिका निभा रहीं नेहा जोशी ने बताया, ''त्वचा को स्वस्थ बनाये रखना महत्वपूर्ण है और इसके लिये सबसे अच्छे तरीकों में से एक है हाइड्रेटेड रहना। मैं रोजाना कम से कम तीन लीटर पानी पीती हूँ और अपने साथ हमेशा पानी की एक बोतल रखती हूँ। चूंकि, दिन में मेरा ज्यादातर काम आउटडोर होता है, इसलिये मुझे बार-बार गर्म हवाओं का सामना करना पड़ता है। अपनी त्वचा को धूप से बचाने के लिये मैं आर्गेनिक और प्राकृतिक उत्पादों का इस्तेमाल करती हूँ, जैसे कि फेस ऑयल्स और एलोवेरा जेल्स, ताकि मेरी त्वचा नम और स्वस्थ रहे। गर्मियों के दौरान मैं घर के बने फेस पैक्स लगाती हूँ, जो दूध, हल्दी, शहद से बने होते हैं। मैं स्क्रब्स का इस्तेमाल भी करती हूँ। मैं हफ्ते में दो बार दही को भी अपने स्किनकेयर रुटीन का हिस्सा बनाती हूँ, क्योंकि वह प्राकृतिक रूप से गर्मी को कम करता है। अगर आपको गर्मियों में स्किनकेयर का आसान और असरदार तरीका चाहिये, तो दही को जरूर अपनाएं। इसके अलावा, हमारी त्वचा की तरह हमारे स्कैल्प भी धूप से बहुत जल्दी प्रभावित होते हैं। मैं उसे सीधी धूप से बचाने के लिये ज्यादा गोलाई वाली टोपी या स्कार्फ पहनती हूँ। आखिर में यही कहूंगी कि मैं गर्मियों के तपते दिनों में हीट स्टाइलिंग टूल्स के इस्तेमाल से बचती हूँ, जैसे कि फ्लैट आयरन्स, कर्लिंग आयरन्स और ब्लो ड्रायर्स, ताकि मेरे बाल रूखेपन और नुकसान से बच सकें।'' 'हप्पू की उलटन पलटन' में राजेश की भूमिका निभा रहीं गीतांजलि मिश्रा ने बताया, ''गर्मियों के दिनों में तापमान बढ़ने के साथ हमारी त्वचा की प्राकृतिक चमक खोने लगती है। और पसीने तथा पर्यावरण के दूसरे कारणों से वह थकी हुई दिखती है। इस मौसम में अपनी त्वचा की जरूरतों पर ध्यान देना जरूरी होता है। रेगुलर मेकअप करने से त्वचा की स्थिति खराब हो सकती है, खासकर गर्मी के महीनों में। इसलिये मैं अपनी त्वचा की पूरी सफाई पर ध्यान देती हूँ। प्रदूषक, पसीना और सनस्क्रीन से त्वचा के रोमछिद्र बंद हो सकते हैं और वह फट सकती है। इससे बचने के लिये मैं हमेशा बाहर जाने से पहले सनस्क्रीन लगाती हूँ। जब मैं घर पर होती हूँ, तब स्किनकेयर के अपने तरीके आजमाती हूँ। इनमें कच्चा दूध, एलोवेरा का ताजा जेल, मुल्तानी मिट्टी, शहद और गुलाबजल शामिल होता है। इस तरह मेरी त्वचा तरोताजा और नरिश हो जाती है और उसे प्राकृतिक चमक मिलती है। मैं स्ट्रॉबेरीज, पपीता और टमाटर जैसे फ्रूट-बेस्ड स्क्रब्स का इस्तेमाल भी करती हूँ, ताकि यूवी किरणों से नुकसान न हो और इन फलों की दमदार एंटी-एजिंग प्रॉपर्टीज मेरे काम आएं।'' 'भाबीजी घर पर हैं' की अनीता भाबी, यानि विदिशा श्रीवास्तव ने बताया, ''गर्मियों के दौरान अपनी त्वचा को यूवी किरणों के नुकसानदायक असर से बचाना महत्वपूर्ण होता है। अगर आप इस पर ध्यान न दें, तो आपकी त्वचा पर गहरे धब्बे या लंबे वक्त की समस्याएं हो सकती हैं। मेरे पसंदीदा फेशियल स्क्रब्स में से एक है दो छोटे चम्मच समुद्री नमक, एक बड़ा चम्मच ताजे नींबू का रस और ऑलिव ऑयल की कुछ बूंदें मिलाना। यह आसानी से बनने वाला और असरदार स्क्रब त्वचा को चमक देता है और साफ करता है। मैं अतिरिक्त तेल और गंदगी को हटाने के लिये इसका इस्तेमाल हफ्ते में दो बार करती हूँ। और मेरी त्वचा को नयेपन और ताजगी का एहसास मिलता है। धूप में ज्यादा वक्त बीतने पर मैं छाछ से अपना चेहरा धोना पसंद करती हूँ। छाछ से न सिर्फ जलती त्वचा को राहत मिलती है, बल्कि उसके ब्लीचिंग के गुण गर्मी से बनने वाली लाइनों को हल्का करने में मदद भी करती हैं। यह उपाय गर्मियों की तपन के दौरान साफ और स्वस्थ त्वचा सुनिश्चित करते हैं।







# नेहा जोशी और आशुतोष कुलकर्णी ने रामनवमी उत्सव से पहले अयोध्या के राम मंदिर में किये राम लला के दर्शन

राम नवमी सबसे पवित्र त्यौहारों में से एक है और इस दिन भगवान राम के जन्म का उत्सव मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश की पावन नगरी अयोध्या प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि के रूप में अत्यधिक धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व रखती है। इस साल अयोध्या में श्रीराम का जन्मोत्सव काफी धूमधाम के साथ मनाये जाने की उम्मीद है, क्योंकि इस वर्ष यहाँ भव्य राम मंदिर का उद्घाटन जो हुआ, जो आस्था, समर्पण, सांस्कृतिक विरासत एवं वास्तुशिल्प कौशल का प्रतीक है। विश्व विख्यात राम मंदिर की भव्यता को निहारने और राम नवमी के भव्य उत्सव को लेकर शहर की तैयारियों को देखने के लिये एण्डटीवी के शो 'अटल' के प्रमुख कलाकारों कृष्णा देवी वाजपेयी (नेहा जोशी) और कृष्ण बिहारी वाजपेयी (आशुतोष कुलकर्णी) ने पहली बार अयोध्या की यात्रा की। यह एक यादगार पल था, जिसने उन्हें अपने आध्यात्मिक सफर को प्रदर्शित करने और उत्सव से पहले राम लला का आशीर्वाद लेने में सक्षम बनाया।



नेहा जोशी ऊर्फ एण्डटीवी के 'अटल' की कृष्णा देवी वाजपेयी ने अपने रोमांच और अनुभव के बारे में बताते हुये कहा, ''राम मंदिर जाने के सिर्फ विचार ने ही मेरे मन को आभार एवं समर्पण की भावना से भर दिया था। भगवान राम का भक्त होने के नाते, अयोध्या जाने और मंदिर में दर्शन करने का मौका पाना, मेरे लिये किसी सपने के सच होने जैसा था। राम लला की पावन मूर्ति के सम्मुख खड़े होना एक ऐसा अनुभव था, जिसे मैं कभी भुला नहीं पाऊंगी। मैं वाकई अवाक व भावुक थी। मैंने जैसे ही राम लला का मनभावन मुखड़ा देखा, मेरी आंखों में खुशी के आंसू उमड़ पड़े। जब राम लला के सामने खड़े होकर मैंने प्रार्थना की और आशीर्वाद मांगा, तो उनकी मूर्ति को देखना मेरे लिए मुश्किल हो गया। वह मानो किसी दूसरी दुनिया से अवतरित, दिव्य प्रतीत हो रही थी। उस पावन पल में मुझे एक गहरी शांति और सुकून की अनुभूति हुई, जिसने समर्पण और विनम्रता के भावों को जगाते हुए मुझमें आत्मसमर्पण का भाव उत्पन्न किया। मैंने हमारे शो की निरंतर कामयाबी और साथ ही अपने प्रियजनों की कुशलता के लिये प्रार्थना की। हम जैसे ही वहां से निकलने के लिये तैयार हुये, पूरा माहौल जय श्री राम के मंत्रों से गूंज उठा और राम नवमी के उपलक्ष्य में चल रहे उत्सवों की खुशी से भर गया। कुछ भक्त हमारे पास भी आ गये और उन्होंने हमारे शो और इसके किरदारों के प्रति अपना प्यार जताया। उनका यह व्यवहार दिल को छू लेने वाला था और वाकई में हम खुद को खुशकिस्मत मानते हैं, कि हमें यह सौभाग्य मिला। यह आध्यात्मिक यात्रा मेरे हृदय और आत्मा पर एक अमिट छाप छोड़ गई, जिसने मुझे आध्यात्मिक रूप से समृद्ध बना दिया।'' पहली बार राम मंदिर में आने के अपने अनुभव बताते हुये आशुतोष कुलकर्णी ऊर्फ कृष्ण बिहारी वाजपेयी ने कहा, ''राम नवमी पूरे देश और दुनिया भर में बेहद उत्साह एवं समर्पण के साथ मनाई जाती है।

# 'भाबीजी घर पर हैं' के सलीम ज़ैदी और क्रिकेटर रिंकू सिंह का खास कनेक्शन!

एक ऐसी दुनिया में जहां, कई मौकों पर खेल और मनोरंजन एक-दूसरे से जुड़े दिखाई पड़ते हैं, लोगों के बीच अचानक से दोस्ती हो जाना आम बात है। अभी सोशल मीडिया पर दो नये सेलेब्रिटीज ने प्रशंसकों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। एक तो हैं एक्टर सलीम ज़ैदी, जो एण्डटीवी के लोकप्रिय शो 'भाबीजी घर पर हैं' में अपने किरदार टिल्लू के लिये चर्चित हैं, और दूसरे हैं क्रिकेटर रिंकू सिंह। इंटरनेट की दुनिया में अभी उत्सुकता चरम पर है, क्योंकि सलीम ज़ैदी ने अपने सोशल मीडिया हैण्डल्स पर क्रिकेट की इस नई सनसनी के साथ अपनी तस्वीरों और वीडियोज की बौछार कर रखी है। इस दोस्ती का रहस्य जानने की उत्सुकता लेकर हम ज़ैदी के पास पहुँचे। जब क्रिकेटर के साथ दोस्ती के बारे में पूछा गया, तब ज़ैदी ने बताया, ''क्रिकेट के सितारों के साथ मेरे खास लगाव के बारे में ज्यादा लोगों को पता नहीं है। टैलेंटेड लेग-स्पिनिंग ऑल-राउंडर पियूष चावला, जो इंडियन नेशनल क्रिकेट टीम के लिये खेल चुके हैं, यूनिवर्सिटी में मेरे सीनियर थे। उन्होंने ही रिंकू सिंह से मेरा परिचय कराया था। फिर हमने कई बार कॉल्स और मैसेजेस पर किसी दिन मिलने की योजना बनाई, लेकिन हमारे शेड्यूल मेल नहीं खा रहे थे। किस्मत से मुंबई के एक होटल में हमारी मुलाकात हो गई और सिंह ने मुझे बड़े अपनेपन से कमरे में बुलाकर अपने करीबी लोगों से मेरा परिचय कराया। उन्होंने मुझे अलीगढ़ के प्रसिद्ध पेड़े भी खिलाये और उनके व्यवहार ने मेरा दिल छू लिया।'' दिलचस्प तरीके से, दोनों की बातचीत में पता चला कि रिंकू के परिवार को 'भाबीजी घर पर हैं' देखना बेहद पसंद है। सलीम ज़ैदी ने आगे बताया, ''यह जानकर मैं बहुत खुश हुआ कि सिंह के परिवार को 'भाबीजी घर पर हैं' इतना पसंद है।



# एक रोमांटिक सीक्वेंस के दौरान दौड़ते हुए मेरे टखने में बुरी तरह मोच आ गई

सोनी सब का 'वंशज' गंभीर पारिवारिक विवादों से संबंधित शो है, जिसमें महाजन परिवार के भीतर विरासत की जंग को दिखाया गया है, जहां एक तरफ दिग्विजय उर्फ डीजे (माहिर पांधी) है और दूसरी तरफ युविका (अंजलि तत्रारी) है। शो में दिखाई गई प्रबलता शूटिंग खत्म होने पर भी खत्म नहीं होती है। स्क्रीन पर हम जो ग्लैमर देखते हैं, उसके अलावा भी अभिनेताओं को कई महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। हाल ही में, अभिनेता माहिर पांधी को सेट पर हैमस्ट्रिंग फटने का सामना करना पड़ा था, और कुछ ही हफ्ते बाद, एक और कलाकार को चोट लग गई। हाल ही में, डीजे की बहन मिराया की भूमिका निभा रहीं, अभिनेत्री गीतांजलि मंगल के टखने में मोच आ गई, और बाद में पता चला कि उनके लिगामेंट फट गए हैं। मिराया और महाजन परिवार के सिक्योरिटी गार्ड निखिल (आर्यन अरोड़ा) के बीच एक रोमांटिक सीक्वेंस के दौरान, गीतांजलि गलती से घास पर फिसल गई और उनके दाहिने टखने में मोच आ गई। भले ही गीतांजलि ने शूटिंग जारी रखी, लेकिन बाद में पता चला कि मोच के कारण लिगामेंट फट गए हैं, जिससे उन्हें बड़ी परेशानी हुई। हालांकि, वंशज के कलाकारों और क्रू के समर्थन ने गीतांजलि के लिए शूटिंग जारी रखना संभव बना दिया। वंशज में मिराया महाजन की भूमिका निभा रहीं गीतांजलि मंगल ने कहा, ''यह गज़ब का सीक्वेंस था जहां हम सभी होली का जश्न मना रहे थे और मिराया की उभरती प्रेम कहानी पर प्रकाश डाला जा रहा था। हालांकि, इस शॉट में निखिल की ओर दौड़ते हुए मेरे टखने में बुरी तरह मोच आ गई। मैंने शूटिंग ज़ारी रखी लेकिन जब दर्द बर्दाश्त से बाहर हो गया.



# दिलीप की मौत के बाद स्ट्रेस डिसऑर्डर से जूझ रही है राशि

सोनी सब का 'पुष्पा इम्पॉसिबल' एक दृढ़संकल्पित महिला पुष्पा (करुणा पांडे) की दिल छू लेने वाली कहानी बताता है, जो बिना उम्मीद खोए जीवन की चुनौतियों का सामना करती है। हालिया घटनाक्रम में, दर्शकों ने पुष्पा की गुरु और वकील देवी पटेल (उर्वशी ढोलकिया) को अदालत में जुगल (अंशुल त्रिवेदी) के हक में लड़ते देखा, क्योंकि उस पर पुष्पा के पति दिलीप पटेल (जयेश मोरे) की हत्या का आरोप था और उसे गिरफ्तार कर लिया गया था। लेकिन चूंकि अदालत में जुगल को दोषी साबित नहीं किया जा सका, इसलिए उसे रिहा कर दिया गया। आगामी एपिसोड्स में, दर्शक देखेंगे कि पुष्पा और दिलीप की बेटी राशि (देशना दुगड़) को अपने पिता दिलीप की मौत के बाद पोस्ट ट्रॉमेटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर (पीटीएसडी) हो गया है। अदालत की सुनवाई में हिस्सा लेने के बाद, राशि का दिल टूट गया है। अपने पिता के बेहद करीब होने के कारण, उसे अपने पिता के ज़िंदा न होने का सच स्वीकारने में दिक्कत हो रही है। उन्हें खोने के विचार मात्र से उसके दिल पर असहनीय बोझ बन जाता है, जिससे अदालत की सुनवाई के दौरान उसे आघात महसूस होता है। तभी पुष्पा के शिक्षक, विक्रम सरन (आदिश वैद्य) मदद के लिए आगे आते हैं, जैसे उन्होंने अतीत में पुष्पा के शिक्षा के लक्ष्य को हासिल करने में उसकी मदद की थी। राशि पटेल की भूमिका निभाने वाली देशना दुगड़ ने कहा, ''राशि को अपने पिता पर भरोसा था कि वे रिश्तों में फैली कड़वाहट को दूर कर देंगे। लेकिन जब वे अचानक चले गए, तो उसे बहुत बड़ा झटका लगा। उसे यह स्वीकार करने में मुश्किल हो रही है कि वे अब नहीं हैं। चूंकि वह उनका समर्थन करने वाली एकमात्र व्यक्ति थी, इसलिए राशि उनके बिना खोया हुआ महसूस कर रही है। यह उसके लिए वाकई कठिन समय है, और वह उन सभी भावनाओं से निपटने के लिए संघर्ष कर रही है, जो पीटीएसडी नामक स्ट्रेस डिसऑर्डर का कारण बनती है।



## भूमिका मीना ने जीता लोगों का दिल

भूमिका एक साधारण घर से हैं, और सिल्वर स्क्रीन तक की उनकी यात्रा धैर्य, जुनून और अटूट दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। ''मुझे याद है कि जिस दिन मैंने इस किरदार के लिए ऑडिशन दिया था, उसी दिन मुझे अभिमन्यु रे सर का कॉल आया था। वर्सोवा में एक और ऑडिशन की कतार में खड़े होकर मैं खुशी से फूला नहीं समा रही थी जब मुझे यह रोल के लिए फाइनल किया गया। भूमिका कहती हैं, उनकी कड़ी मेहनत और प्रतिभा उन्हें उद्योग में सफलता की नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी।"दुकान, 5 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज़ हुई, एक मार्मिक कहानी है जो सरोगेट की पेचीदगियों का बारीकी से पता लगाती है, और हिंदी सिनेमा की दुनिया में भूमिका के भव्य प्रवेश का प्रतीक है। भूमिका किंजल के चरित्र को चित्रित करती है जो जैस्मीन उर्फ मोनिका को मजबूर करने वाले प्रमुख कारणों में से एक है। किंजल अपने अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देती है, वह एक किरदार में जान डाल देती है और दर्शकों का दिल जीत लेती है!इस तरह के एक प्रेरणादायक प्रोजेक्ट पर काम करने के अपने अनुभव को दर्शाते हुए, भूमिका ने साझा किया, "'दुकान' पर काम करना बेहद संतुष्टिदायक अनुभव रहा है।



# तीन दशक लंबा एक्टिंग करियर

सोनी सब के आंगन अपनों का में पल्लवी शर्मा (आयुषी खुराना) की कहानी दिखाई गई है, जिसका शादी को लेकर अनोखा नज़रिया है और उसका मानना है कि किसी महिला को शादी के बाद अपने मायके के प्रति अपनी ज़िम्मेदारियों को पीछे नहीं छोड़ना चाहिए। शो की नवीनतम कहानी में, पल्लवी एक चौराहे पर है क्योंकि उसके दोनों परिवारों को पप्पी मेहरा (अश्विन कौशल) की धोखाबाज़ी का सामना करना पड़ रहा है। जहां एक ओर, पप्पी ने पल्लवी के ससुराल की दुकान हड़प ली है, वहीं दूसरी ओर, इस चालाक व्यवसायी ने उसके पिता जयदेव शर्मा (महेश ठाकुर) को भी ज़मीन के फ़र्ज़ी सौदे में फंसा दिया है। जयदेव एक दंपत्ति को ज़मीन बेचता है, जिन्होंने इसे खरीदने के लिए अपनी जीवन भर की जमा पूंजी लगा दी है, हालांकि, उन्हें पता चलता है कि यह ज़मीन सरकारी है और उनका सारा डूब गया है। अपनी इस स्थिति के लिए जयदेव को दोषी ठहराते हुए, यह दंपति जयदेव के घर पर गुंडे ले आती है और उसका चेहरा काला करके उसे अपमानित करती है। यह सीन इतना ज्यादा भावुक था कि अभिनेता पूरे दिन चिंतित रहे और यहां तक कि इस सीन में उनके सह-कलाकार, पल्लवी और आकाश (समर वरमानी) भी शूटिंग के बाद सन्न रह गए थे। जयदेव की भूमिका निभाने वाले महेश ठाकुर कहते हैं, ''सालों तक अभिनय की दुनिया में काम करने के कारण, मैंने भावुक सीन्स को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के कौशल को निखारा है। हालांकि, ऐसी भूमिका निभाना जिसके लिए अपने चेहरे पर कालिख पोतनी पड़े, बेहद परेशान करने वाला अनुभव था। मैं इस सीन की शूटिंग शुरू होने के कुछ घंटे पहले से ही काफी चिंतित था क्योंकि तीन दशक लंबा एक्टिंग करियर भी आपको ऐसे भावनाओं से भरे हुए सीन के लिए तैयार नहीं कर सकता। मैं शूटिंग से पहले और यहां तक कि सीन शूट होने के कुछ घंटों बाद भी ठीक से खाना नहीं खा सका। मुझे होश में वापस आने में कुछ समय लगा।'' अभिनेता ने आगे कहा, ''इस सीन को शूट करने मात्र से ही मुझे कंपकंपी छूटने लगी, क्योंकि मैंने इस पर विचार किया कि ऐसी कोई काम असल जीवन में कितना अपमानजनक होता होगा, इस तरह



**एक नजर**

## रेडक्रास, स्काउट, एनएसएस एवं एनसीसी के स्वयंसेवकों ने मतदान के लिए किया जागरूक




**कांकेर, 14 अप्रैल ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में आज शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरर में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में संस्था के स्टाफ एवं रेडक्रॉस, स्काउट्स गाइड्स, राष्ट्रीय सेवा योजना और एनसीसी के स्वयंसेवकों द्वारा प्राकृतिक वस्तुओं के उपयोग से रंगोली का निर्माण करते हुए मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। उल्लेखनीय है कि जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा स्वीप के तहत लोकसभा निर्वाचन-2024 में शत-प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने और लोकतंत्र के इस महापर्व में लोगों में मतदान के प्रति उत्साह को बढ़ाने के उद्देश्य से कई गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

## वयोवृद्ध एवं दिव्यांग मतदाताओं को डाक मतपत्र से होम वोटिंग के लिए टीम गठित

**कांकेर, 14 अप्रैल ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत कांकेर जिले के अनुपस्थित मतदाता श्रेणी में वरिष्ठ नागरिक (85आयुवर्ग) एवं दिव्यांगजन (40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग) मतदाताओं का डाक मतपत्र के माध्यम से होम वोटिंग निर्वाचन कार्य 14 से 16 अप्रैल 2024 तक कराया जाएगा। होम वोटिंग अंतर्गत जिले में विधानसभा क्षेत्र 79-अंतागढ़ में 85.आयुवर्ग के 20 एवं दिव्यांगजन 05 इस प्रकार कुल 25 मतदाता, विधानसभा क्षेत्र 80-भानुप्रतापपुर में 85आयुवर्ग के 117 एवं दिव्यांगजन 74 कुल 191 एवं विधानसभा क्षेत्र 81-कांकेर में 85. आयुवर्ग के 82 एवं दिव्यांगजन 42 कुल 124 इस प्रकार जिले में कुल 340 मतदाता चिन्हांकित किए गए हैं। नोडल अधिकारी डाकमत पत्र श्री सुमित अग्रवाल ने बताया कि होम वोटिंग के लिए कांकेर जिले के विधानसभा क्षेत्र 79-अंतागढ़ में 05 दल, विधानसभा क्षेत्र-80 भानुप्रतापपुर में 10 दल एवं विधानसभा क्षेत्र 81-कांकेर में 07 दल इस प्रकार कुल 22 मतदान दलों का गठन किया गया है। 05 सदस्यीय मतदान दलों में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक-01, माइक्रोऑब्जर्वर, पुलिसकर्मी एवं वीडियोग्राफरों को शामिल किया गया है। सभी मतदान दलों को कलेक्ट्रेट संयुक्त भवन परिसर भू-तल से 14 अप्रैल को प्रातः 06 बजे ड्रॉप बॉक्स एवं अन्य आवश्यक निर्वाचन सामग्री प्रदाय कर होम वोटिंग के लिए प्रस्थान करने के निर्देश दिए गए हैं।

## भूपेश के राशन कटौती के बयान पर भाजपा नेताओं ने किया पलटवार

**राजनांदगांव,14 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा एवं किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने आज भूपेश बघेल द्वारा दिए गए बयान कि भाजपा ने गरीबों के राशन में कटौती की है, पर पलटवार करते हुए कहा कि भूपेश एवं कांग्रेस के पास अब चुनाव के लिए कोई मुद्दा नहीं बचा है इसलिए वह अनर्गल भ्रम फैला कर झूठ बोलकर जनता को बरगला रहे हैं। भरत वर्मा ने कहा कि ने कहा कि पहले भूपेश बघेल् यह बताएं कि केंद्र के कोटे से मिलने वाले चावल को लॉकडाउन के दौरान बंद कर उन्होंने गरीबों का शोषण क्यों किया 7 किलो और 5 किलो की बातें करने वाले भूपेश बघेल ने जिस समय गरीबों को राशन की जरूरत थी लॉकडाउन लगा हुआ था उसे समय पोर्टल ही बंद कर दिया और केंद्र सरकार द्वारा गरीबों को दिया जाने वाला निशुल्क चावल को आज दिनांक तक गायब है, इस तरह से 460 करोड़ का चावल घोटाला द्वारा भूपेश सरकार ने किया था । श्री भरत वर्मा ने कहा कि केंद्र में बैठी मोदी सरकार ने लगातार करोना काल से पहले ही 80 करोड़ परिवारों को निशुल्क अनाज की व्यवस्था की थी, परंतु प्रदेश की निकम्मी भ्रष्टाचारी भूपेश सरकार ने उस राशन पर भी कटौती कर दी, आज ऐसे प्रत्याशी को कुछ बोलने से पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए और साक्ष प्रमाण के विपरीत जाकर जनता के बीच में झूठ बोलना बंद करना चाहिए। किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि नक्सलियों द्वारा झीरम घाटी में घटित घटना का जेब में सबूत रखने की बात इसी भूपेश बघेल ने की थी, परंतु 5 वर्षों तक सत्ता में रहे कुछ नहीं किया, घटना में शहीद कांग्रेसी परिवारों की स्थिति एवं दर्द को जनता समझती है।

# आदिवासियों का कल्याण सिर्फ भाजपा सरकार में ही संभव :राजनाथ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा, 14 अप्रैल।** 19 अप्रैल को पहले चरण के चुनाव में बस्तर लोकसभा सीट में मतदान होना है। इस सीट से महेश कश्यप भाजपा प्रत्याशी हैं। चुनाव को लेकर भाजपा के कार्यकर्ताओं और नेताओं में विशेष उत्साह है। लोकसभा चुनाव को लेकर दंतेवाड़ा के गीदम में विजय संकल्प शंखनाद महारैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को विशाल जनसमूह को संबोधित किया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने कहा कि लंबे समय के बाद बस्तर में सार्वजनिक सभा को संबोधित करने का अवसर मिल रहा है। आपकी ओर से जो स्नेह मिला वह अभिभूत करने वाला है। यह मां दंतेश्वरी की धरती है। भगवान राम का ननिहाल है। छत्तीसगढ़ जब राज्य बना तो पहले विधानसभा चुनाव के दौरान मुझे पार्टी ने प्रभारी बनाकर भेजा था। लोग कहते थे कि यहां कांग्रेस की ही सरकार रहेगी। लेकिन जनता ने भाजपा पर भरोसा जताया। यहां 20 साल में 15 साल तक भाजपा की सरकार रही है। बीच में जनता ने थोड़ा स्वाद बदलने के लिए कांग्रेस को एक अवसर दिया, लेकिन उन्होंने जो कुछ किया वह किसी से छिपा नहीं। यही वजह है कि एक बार फिर जनता ने भाजपा को भरपूर स्नेह दिया। जनता को पता है कि राज्य और देश का विकास कोई कर सकता है तो वह भाजपा है।

उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि कांग्रेस की सरकार जब भी कहीं आती है तो घोटालों की बाढ़ आ जाती है। आप लोगों ने देखा छत्तीसगढ़ में एक बार कांग्रेस की सरकार क्या बनी यहां गोबर में घोटाला कर डाला। भैंस के चारे में घोटाला कर डाला। हमारे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय अत्यंत विनम्र और कर्मठ हैं।

### भाजपा सुशासन देती है

आजाद भारत के बाद भारत में जितनी भी कांग्रेस सरकारें रहीं, सब पर भ्रष्टाचार का कोई न कोई आरोप लगा। लेकिन दस साल से केंद्र में मोदी जी की सरकार के ऊपर एक भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा। कांग्रेस के ही पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कहा था केंद्र से 1 रुपये भेजते हैं तो 85 पैसा बीच में डकार लिया जाता है। इसे यदि किसी ने चुनौती माना तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने, जिन्होंने 100 में सौ रुपये जमीन तक पहुंचाया।

### भाजपा सरकार में हुआ आदिवासियों का कल्याण

श्री राजनाथ सिंह जी ने कहा कि आजाद भारत में गरीबों, पिछड़ों की यदि किसी ने चिंता की है तो नरेंद्र मोदी जी की सरकार ने की। हमारे ही नेता एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के ह्दय में आदिवासियों के लिए कितना सम्मान था, इसका अनुमान आप इसी बात से लगा सकते हैं कि उन्होंने आदिवासियों से जुड़े विषयों के लिए अलग मंत्रालय बना दिया। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी प्रधानमंत्री ने आदिवासियों के लिए अधिक से अधिक वनोपज पर न्यूनतम समर्थन मूल्य देने की घोषणा की। अब लगभग सौ वनोपज एमएसपी के दायरे में हैं। आज आदिवासी भाई भी मोबाइल और इंटरनेट बैंकिंग का इस्तेमाल कर रहे हैं। आज मोबाइल के माध्यम से दुनिया में जितना लेन-देन हो रहा है, उसमें 46 प्रतिशत भारत में हो रहा है। पिछले 75 साल में कांग्रेस सरकार सिर्फ वादे करती रही, ये लोग लोगों की आंखों में धूल झोकते हैं। लेकिन 2014 में जब हमने चुनावी घोषणा पत्र जारी किया तो कहा कि अयोध्या में भव्य मंदिर बनाएंगे। आपने देखा कि भगवान राम कुटिया से निकलकर अपने भव्य मंदिर में पहुंच चुके हैं। अब तो मुझे लगता है कि कुछ दिन में चुनाव तो निपट जाएगा, इसी के साथ छत्तीसगढ़ से कांग्रेस भी निपट जाएगी।

### प्रदेश अध्यक्ष बेहतरीन वक्ता

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने उद्बोधन के दौरान प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव सिंह को एक प्रभावी वक्ता बताते हुए कहा कि मैं दूसरी बार प्रदेश अध्यक्ष का भाषण सुन रहा हूं। यह एक प्रभावी वक्ता हैं। प्रदेश की समस्याओं को जानते और समझते हैं।

### सभी 11 सीट जीतकर मोदी और राजनाथ को देना है : किरण सिंह देव

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कांग्रेस की सरकार ने पांच साल तक छत्तीसगढ़ में मोदी सरकार की योजनाओं में रुकावट डाली। यही वजह है कि उन्हें प्रदेश की जनता ने सबक सिखाया। उन्हें उखाड़ फेंका है। आप लोगों ने भाजपा को जो आशीर्वाद दिया, उसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद। आज प्रदेश में सुशासन दिख रहा है। 3100 रुपये प्रति क्विंटल में धान की खरीदी हुई। 21 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से धान की खरीदी हुई। महतारी वंदन योजना का 12 हजार रुपये सालाना महिलाओं को दिया जा रहा है। बस्तर क्षेत्र से श्री महेश कश्यप जी युवा और मिलनसार हैं। हम सभी संकल्प ले रहे हैं कि प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीट पर भाजपा का कमल खिलाएंगे, इस तरह मोदी जी की तीसरी बार सरकार बनाएंगे।

### मैं आपके परिवार का बेटा और भाई : महेश कश्यप

इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप ने कहा कि मेरे जैसे सामान्य और गरीब परिवार के सदस्य को भाजपा ने लोकसभा का टिकट दिया है। यह सब भारतीय जनता पार्टी में ही संभव है। यह इसलिए क्योंकि इस पार्टी की बदौलत ही चाय बेचने वाला एक साधारण व्यक्ति देश के सर्वोच्च पद पर पहुंच सकता है। अब तीसरी बार मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए आप मुझे अपने बेटे, भाई और परिवार के सदस्य को आशीर्वाद दें।

### मोदी का सक्षम नेतृत्व ही देश को आगे लेकर जाएगा

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक चैतराम एटामी ने कहा की बस्तर पहले चरण में लोकसभा चुनाव में भाजपा की महाविजय का शंखनाद कर देगा. यह चुनाव भारत को विकसित भारत बनाने वाला साबित होगा, इसके लिए हम सभी को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सक्षम और सशक्त नेतृत्व चाहिए। आइए हम सब 19 अप्रैल को भाजपा प्रत्याशी भाई महेश कश्यप को विजयी बनाएं ।

### महेश गागड़ा ने किया मंच संचालन

इस अवसर पर मंच का संचालन कर रहे पूर्व मंत्री महेश गागड़ा जी ने कहा कि बस्तर की इस विजय संकल्प शंखनाद महारैली में उपस्थित विशाल जनसमूह यह संकेत दे रहा है कि एक बार फिर मोदी सरकार, इस बार 400 पार। वरिष्ठ भाजपा नेता श्रीनिवास राव मद्दी ने आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह,प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव,प्रदेश मंत्री ओजस्वी मंडावी,लोकसभा प्रभारी महेश जैन,जिला संगठन प्रभारी श्रीनिवास राव मद्दी,जिलाध्यक्ष व विधायक दंतेवाड़ा चैतराम अटामी,महेश गागड़ा,कमल चंद्र भंजदेव,संजय पांडे,विधानसभा प्रभारी अरुण सिंह भदौरिया,जिला महामंत्री द्वय धीरेन्द्र प्रताप,संतोष गुप्ता,अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश महामंत्री नन्दलाल मुडामि समेत सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्तागण उपस्थित हुए ।

# भाजयुमो ने चौपाल लगाकर युवाओं से फिर एक बार मोदी सरकार बनाने की अपील की





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नारायणपुर, 14 अप्रैल।** बस्तर लोकसभा के लिए 19 अप्रैल को मतदान होना है जिसके प्रचार प्रसार के लिए राजनैतिक पार्टियां जोर शोर से लगी हुई है वही नारायणपुर में भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत पहुंचे और युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के साथ हनुमान मंदिर पुराना बस स्टैंड में युवा चौपाल लगाकर मोदी सरकार की योजनाओं के बारे में बताकर युवा मतदाताओं से भाजपा को वोट देकर फिर से मोदी सरकार बनाने की अपील की वही भाजयुमो कार्यकर्ताओं को मतदान का समय समीप आ रहा है आप ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं के पास पहुंच फिर से मोदी सरकार बनाने के भाजपा के कमल छाप पर मुहर लगाने की अपील करे । रवि भगत प्रदेश अध्यक्ष भाजयुमो ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियावायन कर आम जनता को लाभ पहुचाया है जिससे आम।जनता के जीवन स्तर में बदलाव आया है आप सभी युवा मतदाता अपने मत का प्रयोग कर फिर से मोदी सरकार बनाने में सहयोग करे । जयराम दास ने कहा कि मोदी सरकार की उजवल्ला योजना , प्रधानमंत्री आवास योजना ,सौर सुजला योजना जैसी योजनाओं के जरिए हर तबके के लोगो को फायदा पहुंचाया है । इस दौरान हरिओम साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष ,लक्ष्मण झा ,आलोक जी, पूर्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष जैकी कश्यप , भाजयुमो जिलाध्यक्ष पंकज जैन , निलेश, घुड़ बघेल, नरेंद्र दुग्गा,तेज अगिरा, अविनाश देवांगन , प्रीतेश जैन , कमल कोर्राम , दीपेंद्र , ललित आदि मौजूद थे ।

## सामान्य प्रेक्षक ने किया टेमरी और नर्रा चेकपोस्ट का निरीक्षण

**महासमुन्द, 14 अप्रैल ।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा महासमुंद 09 संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री अनिल अग्रवाल ने आज खल्लारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत टेमरी और नर्रा चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यहां तैनात एसएसटी टीम से जानकारी लेकर संधारित पंजी का अवलोकन भी किया। उन्होंने 24 घंटे सतत निगरानी के निर्देश दिए और किसी भी तरह के अवैध परिवहन और निकासी पर कड़ी नजर रखते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने अनेक मतदान केंद्र घुंचापाली, मनबाय , बकमा,कसेकेरा आदि का निरीक्षण किया और यहां बेसिक न्यूनतम सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान लाइजनिंग अधिकारी एवं खनिज अधिकारी श्री सनत कुमार साहू के साथ एस एस टी की टीम मौजूद थी।

# पुलिस व आरटीओ ने स्कूल बस फिटनेस जांचने चलाया अभियान





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 14 अप्रैल।** दुर्ग में स्कूली बसो की फिटनेस चेक करने के लिये आरटीओ और दुर्ग पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया था जिसमे जिले की 75 से ज्यादा स्कूलों की 350 स्कूल बसों की फिटनेस चेकिंग की जाएगी दुर्ग जिले में 1737 स्कूल है जिसमे ज़िले भर के सरकारी और सीजी बोर्ड की प्राइवेट और सीबीएसई स्कूलों में साढ़े तीन लाख से ज्यादा बच्चे स्कूल जाते है इनमें से कई स्कूल ऐसी है जहां बच्चे स्कूल बस के माध्यम से या अन्य परिवहन सुविधाओं से स्कूल पहुंच चुके हैं लेकिन क्या बच्चों को लाने और ले जाने वाली स्कूल बस से और अन्य वाहन पूरी तरह से फिट हैं इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट ने भी एक गाइडलाइन तय कर रखी है इसी गाइडलाइन के अनुसार दुर्ग जिले के आरटीओ विभाग और दुर्ग यातायात पुलिस की संयुक्त दर्जनों अधिकारियों की टीम ने स्कूल बसो और स्कूली बच्चों को परिवहन करने वाले अन्य वाहनों की आपातकालीन चेकिंग की दरअसल स्कूल सत्र शुरू होते ही सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार दुर्ग जिले में भी स्कूल बसों की चेकिंग का अभियान चलाया गया जिसमें भिलाई के सेक्टर 6 मैदान में दुर्ग जिले की 149 से ज्यादा बसों को चेकिंग की गई सड़कों पर चलने वाली तमाम स्कूल की बसें गाइडलाइन और नियमों का पालन नहीं करती है ना ही स्कूल प्रबंधन द्वारा कोई विशेष पहल की जाती है इसी को ध्यान में रखते हुए बच्चों के लिए चलने वाली स्कूली बसे सुरक्षित है कि नही इसकी जांच की गई जिसमें बसों का पीयूसी, रजिस्ट्रेशन,पोलूशन,फिटनेस रोड टेक्स,जीपीएस,हॉर्न,सीसीटीवी कैमरा,स्पीड गवर्नर, आपत्कालिन खिड़की,स्कूल का नाम टेलीफोन नंबर चालक का मोबाइल नंबर फर्स्ट एड बॉक्स अग्निशमन यंत्र स्कूल बस के आगे और पीछे स्कूल बस लिखा होना यह सारी चीजों की चेकिंग की गई थी जिसमें कुछ बसों में कमी पाई गई जिसको लेकर चलानी कारवाही भी की गई तो वही सभी ड्राइवरों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें 45 से ज्यादा ड्राइवरों के स्वास्थ्य में गड़बड़ी दिखाई दिए कुछ लोगों की आंखों में परेशानी थी तो कुछ को बीपी और शुगर की समस्या थी इसको लेकर सभी ड्राइवरों को आरटीओ और पुलिस विभाग ने सचेत किया और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की हिदायत दी बहरहाल सभी स्कूलों को आरटीओ विभाग ने नोटिस जारी कर स्कूल बसों को बेहतर स्थिति में रखने के आदेश दिए हैं यदि कोई भी स्कूल बस स्कूल बच्चों को परिवहन करने वाले वाहन को बेहतर स्थिति में और आरटीओ और सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार नहीं रखेगा तो उस पर आगामी समय में कार्यवाही भी की जाएगी।

# बीएसपी के दस्ते ने अग्निशमन दिवस मनाया




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 14 अप्रैल।** भिलाई इस्पात संयंत्र के अग्निशमन दस्ते ने आज अग्निशमन दिवस मनाया जिसमें सेल के सीईओ अनिर्बन दास गुप्ता मुख्य रूप से मौजूद थे जहां उन्होंने अग्निशमन के वीर जवानों की सलामी ली औरउनकी हौसला हफजाई की इसके बाद सेल के सीईओ ने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की तो वही परेड कमांडर द्वारा मुख्य अतिथि को रिपोर्ट किया गया मुख्य अतिथि ने परेड कानिरीक्षण किया और शहीद हुए अग्निवीरों को मौन धारण कर श्रद्धांजलि परेड द्वारा मार्च पास्ट किया गया तो वही विभिन्न प्रकार के अग्निशमन यंत्रों का प्रदर्शन करते हुए आग लगने पर किस तरह बचाव किया जाना चाहिए इसका भी प्रदर्शन किया गया.तेज आवाज की सायरन के साथ जब लाल रंग की फायर ब्रिगेड सड़को पर दौड़ती है तो लोग अनायास ही उस लाल रंग की वाहन को साइड देने लग जाते हैं और कोशिश होती है कि उस वाहन के सामने कोई ना आए क्योंकि आम जनता को भी यह पता है कि अगर अग्निशमन का वाहन तेज रफ्तार में जा रही है तो अत्यधिक इमरजेंसी होगी लाल रंग के वाहन में वे वीर जवान होते है जो आग की तपन को झेलते हुए जनता की रक्षा व सुरक्षा करते है जांबाज फायरमैन दल के लिए अग्निशमन दिवस महज कौशल प्रदर्शन का मंच नहीं है ये स्मृति दिवस है उन 66अग्निशमन कर्मचारियों की शहादत का जिन्होंने जनसेवा करते हुए सहर्ष मृत्यु का वरण किया 14 अप्रैल 1944 का एक धधकता दिन था जब विक्टोरिया डाक बंबई में सेना की विस्फोट सामग्री से भरा पानी का जहाज लपटों के आगोश में समा गया आग पर काबू पाने के लिए बंबई फायर सर्विस के एक सैकड़ा अधिकारी व कर्मचारी घटनास्थल पर भेजे गए अटूट साहस और पराक्रम का प्रदर्शन करते हुए इन जांबाज अग्निशमन कर्मचारियों ने आग पर नियंत्रण तो पा लिया लेकिन इस कोशिश में 66 फायरमैन को अपनी जान की आहूति देनी पड़ी इसी याद में हर साल अग्नि शमन दिवस मनाया जाता है.

## कार ट्रक से टकराई,युवती की मौत

**भिलाई, 14 अप्रैल।** दुर्ग पुलगांव थाना क्षेत्र शिवनाथ नदी फ्लाई ओवर पर एक बड़ा हादसा हुआ है जिसमें तेज रफ्तार कार ट्रक से टकरा गई टक्कर इतनी भयानक थी कि जिससे मौके पर ही युवती की मौत हो गई युवती का नाम पूजा बताया जा रहा है तो वही युवक बुरी तरह घायल हो गया है युवक का नाम प्रशांत पांडे बताया जा रहा है घायल युवक जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका इलाज जारी है आपको बता दे नवरात्र का समय चल रहा है और दुर्ग से डोंगरगढ़ जाने के लिए इस रास्ते पर पद यात्रियों की भारी भीड़ रहती है गनीमत ये रही कि हादसे के समय कोई पद यात्री चपेट में नही आया पुलगांव के शिवनाथ नदी फ्लाई ओवर पर ये हादसा हुआ है जहां विपरीत दिशा से आ रही है ट्रक को छ्त 07 छ्ह 2577 नम्बर की कार ने विपरीत दिशा से आ रही ट्रक को टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्त थी की मौके पर ही कार के सामने के परखच्चे उड़ गए फिलहाल इस पूरे इलाके पर सीसीटीवी कैमरे तो नहीं लगे हैं लेकिन फिर भी कहा यह जा रहा है कि युवक और युवती डोंगरगढ़ मां बमलेश्वरी के दर्शन करने गए होंगे और वापसी के समय वाहन चालक प्रशांत को झपकी आ गई होगी जिससे कार अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा से आ रही ट्रक से टकरा गई क्योंकि इस पुल पर बहुत ज्यादा बड़े वाहनों की आवाजाही नहीं होती है फिलहाल पुलगांव पुलिस मामले की जांच कर रही है तो वहीं कार के नंबर के आधार पर घर वालों को भी सूचना दे दी गई है।

**माईक्रो ऑब्जर्वर के प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए सामान्य प्रेक्षक एवं जिला निर्वाचन अधिकारी**

# माईक्रो ऑब्ज़र्वर सजगता के साथ करें आयोग के सौंपे गए कर्तव्यों का निर्वहन:सामान्य प्रेक्षक

**कांकेर, 14 अप्रैल ।** लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों को लेकर आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में माईक्रो ऑब्ज़र्वर का अंतिम चरण का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सामान्य प्रेक्षक डॉ. एम.टी. रेजू और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह भी शामिल हुए और प्रशिक्षणार्थियों को आवश्यक निर्देश दिए। प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सामान्य प्रेक्षक डॉ. रेजू ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग सहित हम सभी का यह उद्देश्य है कि निर्वाचन कार्य शांतिपूर्ण, पारदर्शिता एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न हो। निर्वाचन कार्य के दौरान न घबराएं। सभी कर्मचारी यह ध्यान रखें कि मतदान केन्द्रों में किसी भी प्रकार की कमी या असुविधा का सामना तो नहीं करना पड़ रहा। उन्होंने सभी अधिकारियों से एक टीम वर्क के तौर पर कार्य करते हुए अपनी ड्यूटी का निर्वहन पूरी ईमानदारी, पारदर्शिता और सतर्कता के साथ निर्वहन करने के निर्देश दिए।



प्रशिक्षण के दौरान मौजूद माइक्रो ऑब्जर्वर को संबोधित करते हुए सामान्य प्रेक्षक डॉ. रेजू ने कहा कि निर्वाचन एक महती जिम्मेदारी वाला लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण जवाबदेही है। आप सभी अपने विभागीय कार्य में कितने भी श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हों, लेकिन निर्वाचन का काम कहीं अधिक सतर्कता और सावधानी के साथ करना होता है। उन्होंने आगे कहा कि इसमें एक प्रतिशत गलती भी क्षम्य नहीं होगी, इसलिए आप सभी को प्रशिक्षण में जो बताया जाता है उसे पूरी तन्मयता से सुनकर, समझकर आयोग के नियमों व निर्देशों के अधीन अपना उत्तरदायित्व का निर्वहन करें। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन के लिए मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखें एवं सूचना दें। सभी यह सुनिश्चित करें कि मतदान केन्द्रों में मत की गोपनीयता किसी भी प्रकार से भंग नहीं होनी चाहिए। मॉकपोल और मतदान के दौरान मोबाईल फोन पूर्णतः प्रतिबंधित रखना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि 26 अप्रैल को मतदान होना है, जिसका समय प्रातः 07 बजे से दोपहर 03 बजे निर्धारित है। इस दौरान यह सुनिश्चित करें कि 03 बजे जितने भी मतदाता कतार में हैं उनसे मतदान जरूर कराएं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने कहा कि यह ध्यान रखें कि किसी भी प्रकार के अनावश्यक बिन्दुओं पर रिपोर्टिंग न करें। हमेशा सही, सटीक एवं आवश्यक व वांछित जानकारियों के साथ रिपोर्टिंग करें।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर द्वारा माइक्रो ऑब्ज़र्वर को निर्धारित बिन्दुवार रिपोर्टिंग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान मॉकपोल की प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि वास्तविक मतदान प्रारंभ होने के 90 मिनट पहले अभ्यर्थियों द्वारा नियुक्त अभिकर्ताओं की उपस्थिति में की जाएगी। अगर समय पर एजेंट उपस्थित नहीं है तो 15 मिनट इंतजार करने के बाद मॉकपोल शुरू किया जाएगा। ईडीसी के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि जिस निर्वाचन कर्मियों को ईडीसी जारी हुआ है, वे अपने बूथ को छोड़कर अन्य मतदान केन्द्रों में मतदान कर सकते हैं। इसके बाद ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट की कार्यप्रणाली के बारे में विशेषज्ञ द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई।

### 10 अनुपस्थित माईक्रो ऑब्ज़र्वर को नोटिस जारी करने के निर्देश

जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित माईक्रो ऑब्ज़र्वर के प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान 10 अधिकारी अनुपस्थित रहे। सामान्य प्रेक्षक एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रशिक्षण में अनुपस्थित माइक्रो ऑब्ज़र्वर को कारण बताओ नोटिस जारी करने और नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर श्री प्रखर चन्द्राकर, जिला पंचायत के सीईओ श्री सुमित अग्रवाल एवं संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

एक नजर



## विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आयुर्विद्या कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**महासमुंद 14 अप्रैल।** संचालनालय आयुष रायपुर छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार व जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. प्रवीण चंद्राकर के मार्गदर्शन में प्रति माह राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आयुर्विद्या कार्यक्रम का संचालन महासमुंद में आयुष विभाग द्वारा किया जाता है। आयुर्वेद व योग के माध्यम से इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को स्वस्थ रहने के उपाय, दिनचर्या, ऋतुचर्या, प्रकृति परीक्षण व तनाव प्रबंधन आदि विषयों पर विशेष रूप से जागरूक किया जाता है। आयुर्विद्या कार्यक्रम जिला महासमुंद में शासकीय आयुष पॉली क्लिनिक महासमुंद में पदस्थ डॉ. सर्वेश दूबे द्वारा किया जाता है। अक्टूबर माह 2023 से यह कार्यक्रम संचालित है। विगत वर्ष इस कार्यक्रम में 17 व्याख्यान व 1 योग शिविर आयोजित करके 1207 विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया था। विद्यार्थियों में औषधियों की पहचान, प्रकृति के अनुसार कैरियर सेलेक्शन व परीक्षा आदि के तनाव के प्रबंधन आदि की जानकारी दी जाती है। मादक पदार्थों से आज के किशोरों को कैसे दूर रखा जाए , ऐसे विषयों पर व्याख्यान दिया जाता है। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. प्रवीण चंद्राकर के मार्गदर्शन में आयुर्विद्या का संचालन प्रभावी ढंग से किया जा रहा है। 12 व 13 अप्रैल 2024 को स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल में शासकीय आयुष पॉली क्लिनिक महासमुंद में पदस्थ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी व मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. सर्वेश दूबे द्वारा आयुर्विद्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग चिकित्सक डॉ. बबीता भगत द्वारा योग आदि की जानकारी दी गई।

नर्सिंग सिस्टर मेरी रोस खाखा भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहीं।स्कूल की प्राचार्य श्रीमती अमी रूफस, अध्यापिका नेहा दूबे, कल्याणी सोनकर, कृति थवाईत, अध्यापक ऋतुराज देवांगन व अन्य अध्यापक गण का सहयोग इस कार्यक्रम के संचालन में प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में लाभार्थियों की कुल संख्या 121 रही।

खरसिया रेल्वे स्टेशन में दादागिरी करते हुए पार्किंग ठेकेदार के आदमी बाइक चालकों से अवैध वसूली कर रहे

# रेल्वे पार्किंग ठेकेदार पवन ओझा के गुर्गों की खुलेआम गुंडागर्दीः मोनू केशरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**खरसिया, 14 अप्रैल।** जनता कांग्रेस के युवा नेता मोनू केशरी ने बताया की रेल्वे स्टेशन मे रेल्वे द्वारा पार्किंग का काम रायगढ़ के पवन ओझा को मिला है रेलवे के नियमों के अनुसार किसी भी यात्री को स्टेशन छोड़ने आने पर कोई पैसा नहीं लेने का नियम है लेकिन खरसिया रेलवे स्टेशन मे पार्किंग का काम शुरू होते ही ठेकेदार पवन ओझा अपने गुर्गो के साथ मिल कर दादागिरी करते हुऐ नियमों के विपरीत जाकर बसनाझर गांव के निवासी मनोज कुमार अपने परिवार के सदस्य को खरसिया रेल्वे स्टेशन छोड़ने आया था और अपनी बाईक से प्लेटफार्म के बाहर पैदल पुल के पास छोड़ कर अपनी गाडी मोड़ कर वापस जाने लगा उतने मे पीछे से ठेकेदार पवन ओझा के गुर्गे दौड़ कर उसकी बाईक को रोकते हुऐ पहले तो पैसे देने की मांग करते है उसके बाद मनोज के द्वारा विरोध करते हुए कहा जाता की मे स्टेशन के बाहर अपने परिवार को छोड़ कर जा रहा हूँ तो किस बात के पैसे दूंगा छोड़ने का पैसा रेल्वे मे नहीं लगता है बोल कर पैसे देने से साफ साफ मना कर विरोध करने लगता है लेकिन पॉर्किंग ठेकेदार पवन ओझा के गुर्गो द्वारा मनोज की बाईक की चाबी छीनते हुऐ बोलने लगे पैसे तो देना पड़ेगा उसके बाद तेरी गाडी की चाबी वापस देंगे तुझे जहाँ भी शिकायत करना है कर देना जिसको बुलाना है बुला ले बिना पैसे दिये तू यहाँ से नहीं जा सकता मज़बूरी वस बेचारा गांव का रहने वाला मनोज बीस रुपय दिया मनोज के द्वारा रसीद माँगने पर कोई रसीद ठेकेदार पवन ओझा के द्वारा नहीं दी गई उक्त घटना से दुखी होकर पीड़ित ने शाम को खरसिया आ कर खरसिया रेल्वे स्टेशन मे उसके साथ हुऐ इस तरह से अवैध रूप से वसूली की घटना की जानकारी खरसिया के युवा आंदोलनकारी नेता मोनु केसरी को बताई ताकि जो घटना उसके साथ घटी वो किसी और के साथ ना हो सके जिस पर युवा नेता केसरी के द्वारा ठेकेदार पवन ओझा के मोबाइल नंबर पर सम्पर्क कर सही जानकारी जानना चाहा लेकिन ठेकेदार ने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा खरसिया रेल्वे स्टेशन मे पार्किंग ठेकेदार पवन ओझा और उनके गुर्गो की इस तरह खुलेआम गुंडागर्दी नहीं होने दिया जायेगा खरसिया रेल्वे मे पार्किंग के नाम से जनता से अवैध रूप से वसूली और गुंडागर्दी की शिकायत मोनु केसरी ने बिलासपुर डीआरएम और जीएम से फोन के माध्यम से की है बिलासपुर रेल्वे अधिकारियों के द्वारा मोनु केसरी को आश्वासन दिया की आप लिखित रूप से खरसिया पार्किंग ठेकेदार पवन ओझा की शिकायत कर आवेदन देने को कहा है ताकि पुरे मामले की जांच कर रेल् विभाग द्वारा पार्किंग ठेकेदार के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करते हुऐ खरसिया रेल्वे स्टेशन के पार्किंग ठेकेदार पवन ओझा के लायसेंस को निरस्त करने की आगे की कार्यवाही रेल्वे द्वारा की जा सके।

## कलेक्टर ने ली व्यापारी संघ, निजी शैक्षणिक संस्थान ट्रांसपोर्टर्स एवं विभिन्न समाज की बैठक



**बीजापुर, 14 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग पाण्डेय ने जिले के समस्त व्यापारी संगठन, निजी शैक्षणिक संस्थान, ट्रांसपोर्टर्स के प्रतिनिधियों एवं समाज प्रमुखों की महत्वपूर्ण बैठक ली।ज्ञात हो कि 15 अप्रैल को माओवादी प्रतिबंधात्मक संगठनों द्वारा बंद का आव्हान करने की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से मिली है।कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने सभी संगठनों के प्रतिनिधियों को माओवादी खोखली विचार धारा से जुड़े प्रतिबंधात्मक संगठनों का विरोध करते हुए अपने-अपने प्रतिष्ठान सामान्य दिनों की तरह खुले रखने की अपील की जिस पर डेढ़ सौ से अधिक समाज, व्यापारी, ट्रांसपोर्टर्स एवं अन्य संगठनों ने पूर्ण सहयोग करने की सहमति दी।ज्ञात हो कि इसी तरह बंद का आह्वान इसी माह 03 अप्रैल को माओवादी संगठनों द्वारा किया गया था। जिसे जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा सभी व्यापारी संगठन, सामाजिक संगठन एवं ट्रांसपोटर्स की बैठक कर सभी के सहयोग से माओवादियों के बंद को असफल कर अन्य दिनों की तरह जिले सामान्य दिनचर्या रही जिसके लिए कलेक्टर ने सभी प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।बैठक में एडिशनल एसपी श्री चंद्रकांत गवर्ना ने किसी भी तरह डर और भय का वातावरण न हो इसके लिए व्यापक रूप से तैयारी एवं सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी बैठक में दी।इस दौरान एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नारायण गवेल सहित जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी सहित विभिन्न समाज के प्रमुख पदाधिकारी, व्यापारी संघ के प्रतिनिधि, निजी शैक्षणिक संस्थान के संस्था प्रमुख, ट्रांसपोर्टर्स एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुऐ।

## कलेक्टर-एसपी सहित सैकड़ों जवानों ने गरियाबंद की सड़को पर निकाला फ्लैग मार्च



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद,14 अप्रैल।** लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, निर्भीक और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए गरियाबंद जिला पुलिस अलर्ट मोड पर है.आज पुलिस फ्लैग मार्च के जरिये चुनाव में गड़बड़ी करने वालों को संदेश दे दिया है।. फ्लैग मार्च आचार संहिता के पालन को लेकर पुलिस लाइन से निकाला गया. इसकी अगुवाई गरियाबंद कलेक्टर और एसपी ने की पुलिस लाइन से निकाले गए इस फ्लैग मार्च में करीब दो सौ से अधिक प्रशासनिक एवं, पुलिस अधिकारी और जवान मौजूद रहे. वी....ओ...वन....कलेक्टर दीपक अग्रवाल व एसपी अमित तुकाराम कांबले जब प्रशासनिक अफसर व सशस्त्र जवानों के साथ मिलकर गरियाबंद नगर में फ्लैग मार्च किया तो अपराधिक तत्वों के होश उड़ गए ।प्रशासन ने अपनी ताकत का अहसास करा कर यह बता दिया है कि वे अवैधानिक गतिविधियों के खिलाफ लड़ने मुस्तैद है। एस पी ने कहा की चुनाव के दरम्यान अवैधानिक गतिविधियों को रोकने सभी जरूरी मार्गो में चेक पोस्ट लगाए गए है,अशांति ने फैले इसके लिए चिन्हांकित अपराधिक प्रवृत्ति के लोगो पर पुलिस की पैनी नजर होने के साथ ही वॉटियो को सलाखों के पीछे भेजने का अभियान भी चलाया गया है।फ्लैग मार्च सिटी कोतवाली से शुरू हुआ तिरंगा चौक होते हुए गोल बाज़ार बस स्टैंड से गौरव पथ होते हुए कचहरी चौक और वहाँ से वापस सिटी कोतवाली पर समाप्त हुआ ।फ्लैग मार्च में कलेक्टर दीपक अग्रवाल एसपी अमित तुकाराम कांबले संयुक्त कलेक्टर गोलछा एडिसनल एसपी जितेंद्र चन्द्रकार एडिसनल एस पी धीरेंद्र पटेल एसडीओपी गोपल कुमार वैश्य नायाब तहसील डोमेश्वर साहू आरआई सनत ठाकुर थाना प्रभारी कृष्णा प्रसाद जांगड़े सहित शहर के विभिन्न थानों व रक्षित केन्द्र के पुलिस अधिकारी बल सहित शामिल हुए।

## सामान्य प्रेक्षक ने जिले में नियुक्त माइक्रो आब्जर्वर की ली बैठक

**महासमुंद 14 अप्रैल ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए लोकसभा क्षेत्र महासमुंद के नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री अनिल अग्रवाल ने जिले में नियुक्त माइक्रो आब्जर्वर की बैठक ली। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि माइक्रो आब्जर्वर अपने नाम के अनुसार कार्य करता है अर्थात उसे मतदान दिवस पर मतदान दलों के कार्यों का सूक्ष्म निरीक्षण करना होगा। इसके लिए यह जरूरी है कि उन्हें मतदान प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी होनी चाहिए।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक ने कहा कि माइक्रो आब्जर्वर मतदान दल का सदस्य नहीं होता इसलिए उसके कार्यों में सहायता या हस्तक्षेप नहीं कर सकता। लेकिन यदि पीठासीन अधिकारी से कोई चुक हो रही हो तो उसे सलाह अवश्य देना चाहिए।

## भैरमगढ़ एरिया कमेटी के मिलिशिया प्लाटून कमाण्डर व माओवादियों की सूचना पर सुरक्षा बलों ने की कार्रवाई



**बीजापुर, 14 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दिनांक 13/04/2024 को थाना भैरमगढ़ क्षेत्रान्तर्गत मिलिशिया प्लाटून कमाण्डर सोमलू, जनताना सरकार अध्यक्ष रामधर बेक्को एवं 05-06 माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर कैंप केशकुतुल से केरिपु 199/ष्ट कम्पनी की टीम सुराखेड़ा की ओर निकली थी ।सुरक्षा बलों के द्वारा संभावित स्थान पर दबिश दी गई, सुरक्षा पार्टी को देखकर उपस्थित माओवादी विपरीत दिशा में जंगल, पहाड़ का फायदा उठाकर भाग खड़े हुए । आसपास क्षेत्र का सर्च के दौरान मौके से 01 नग भरमार, स्टील कंटेनर, डेटोनेटर, स्प्लिंटर, यूरिया, इलेक्ट्रिक वायर, तीर-धनुष, दवाईया एवं अन्य माओवादी सामग्री बरामद किया गया।क्षेत्र में लगातार गश्त सर्चिंग की कार्यवाही जारी है ।

# स्वीप सद्भावना क्रिकेट मैच में पंचायत-11 की टीम विजयी

### पुलिस-11 की टीम रही उप विजेता



**रायगढ़, 14 अप्रैल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में स्वीप मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शनिवार को रायगढ़ स्टेडियम में सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। नगर निगम 11, पंचायत 11 एवं पुलिस 11 के बीच खेले गए क्रिकेट मैच में पंचायत 11 की टीम विजयी रही।

सबसे पहले नगर निगम इलेवन और पंचायत इलेवन के बीच मैच खेला गया। मैच के पूर्व टॉस जीतकर नगर निगम इलेवन की टीम ने पहले बल्ले बाजी करने का निर्णय लिया। बैटिंग करने उतरी नगर निगम की टीम ने 8 ओवर की मैच में सात विकेट खोकर 38 रन बना पाए इसमें निगम की ओर से तहसीलदार श्री लोमस मिरी ने 8 बॉल खेलकर छह रन जोड़े। जवाबी कार्रवाई के लिए उतरे पंचायत 11 की टीम ने 6 विकेट गंवाकर 7 ओवर में ही 38 रन बना लिया और अपनी टीम को जीत दिलाई। निगम कमिश्नर श्री सुनील कुमार चंद्रवंशी ने बॉलिंग करते हुए 1 विकेट लिया। मैच के मैन ऑफ द मैच पंचायत इलेवन के रवि बघेल रहे। रवि ने बैटिंग करते हुए अपनी टीम के लिए 6 रन जोड़े और बॉलिंग कर निगम इलेवन 3 बैट्समैन को वापस पवेलियन भेजा। दूसरा मैच पंचायत इलेवन और पुलिस इलेवन के बीच खेला गया। पंचायत 11 की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 7 विकेट खोकर 69 रन बनाए। रनों का पीछा करने उतरी पुलिस इलेवन की टीम 3 विकेट गंवाकर 8 ओवर में सिर्फ 30 रन ही बना पाई। दूसरे मैच के मैन ऑफ द मैच पंचायत 11 टीम के बैट्समैन दिनेश सिदार रहे। दिनेश ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए अपनी टीम के लिए 32 रन जोड़े। जिला पंचायत सीईओ श्री जितेन्द्र यादव 1 रन बनाकर नॉट आउट रहे। इस तरह 2 मैच जीत कर पंचायत 11 की टीम सद्भावना क्रिकेट मैच कप फाइनल में पहुँच गई है, जिसका मुकाबला कलेक्टर 11 की टीम से होगा, इसकी तिथि सभी प्रेक्षकगण के आगमन पश्चात निर्धारित की जाएगी।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल एवं पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल द्वारा मैच के विजेता, उप विजेता और सांत्वना पुरस्कार देकर क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। मैच में दर्शकदीर्घा के रूप में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मण्डावी, सहायक कलेक्टर श्री युवराज मरमट, निगम डिप्टी कमिश्नर श्री सुतीक्षण यादव सहित निगम, जिला पंचायत और पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### 7 मई को शत-प्रतिशत मतदान हमारा लक्ष्य

कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने सद्भावना क्रिकेट मैच के आयोजन की प्रशंसा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से अधिकारियों एवं कर्मचारियों में अपने कार्यों को और अधिक प्रभावशाली रूप से करने के लिए बल मिलता है। उन्होंने कहा कि सद्भावना मैच में नगर निगम, जिला पंचायत एवं पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए हैं। इसमें शहरी क्षेत्र के लिए नगर निगम और जिले के संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र के लिए जिला पंचायत एवं पूरे जिले के शहर एवं ग्रामीण तक पुलिस विभाग की पहुंच होती है। सभी विभागों के कार्यों से ही मतदाताओं को जागरूक करने और आगामी 7 मई 2024 को अपने मताधिकार का उपयोग करते हुए मतदान करने की अपील की जा रही है। पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल ने कहा कि निश्चित तौर पर ऐसे आयोजनों से अधिकारियों और कर्मचारियों को तनाव से मुक्ति मिलती है और वे अपने कार्यक्षेत्र में जिम्मेदारी पूर्वक बेहतर कार्य करने सजग रहते हैं। इस दौरान एसपी श्री पटेल ने क्रिकेट मैच आयोजन की प्रशंसा करते हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत निकाली गई वाहन रैली



**बीजापुर 14 अप्रैल ।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत प्रथम चरण का मतदान बस्तर लोकसभा-10 में शामिल बीजापुर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-89 का मतदान 19 अप्रैल 2024 दिन शुक्रवार को निर्धारित है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग पाण्डेय के मार्गदर्शन में लगातार व्यापक रूप से स्वीप कार्यक्रम के अर्न्तगत विभिन्न प्रकार के गतिविधियों और आयोजन से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में आज स्वीप कार्यक्रम के अर्न्तगत मोटरसाइकिल एवं चारपहिया वाहनो की रैली निकालकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया जिसमें सैकड़ों बाईक के अलावा सौ से अधिक चार पहिया वाहन शामिल हुए।कलेक्टर, एसपी, सीईओ जिला पंचायत ने बाईक पर सवार होकर रैली की अगुवाई की, वाहनों की रैली कलेक्टोरेट कार्यालय से शुभारंभ होकर नया बस स्टैण्ड, नया बस स्टैण्ड से दो टुकड़ी में एक गंगालूर मार्ग की ओर एवं दूसरी टुकड़ी डारा पारा, चट्टान पारा होते हुए वापस कलेक्टर परिसर पहुंचकर रैली का समापन हुआ।

बाबा साहेब अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कलेक्टर ने मजबूत लोकतंत्र के लिए स्वतंत्र और निष्पक्ष होकर मतदान करने की दिलाई शपथ मतदाता जागरूकता रैली बस स्टैण्ड पहुंचने पर भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव बाबा साहेब अम्बेडकर की जन्म दिवस पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र यादव, सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार, डीएफओ श्री रंगानाथा रामाकृष्णा वाय ने बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा को गजमाला पहनाकर जयकारे लगाते हुऐ, बाबा साहेब के आदर्शों पर चलकर संविधान की रक्षा करने एवं लोकतंत्र पर पूर्ण आस्था रखकर अपने मताधिकार का प्रयोग बिना डर, भय, दबाव एवं प्रलोभन के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से करने की शपथ दिलाई और बीजापुर में मतदान की प्रतिशत को बढ़ाने की अपील की। इस दौरान एडिशनल एसपी श्री चंद्रकांत गवर्ना, सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम श्री जागेश्वर कौशल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नारायण प्रसाद गवेल, डिप्टी कलेक्टर श्री उत्तम सिंह पंचारी, श्री दिलीप उईके, उप संचालक पंचायत श्री गीत कुमार सिन्हा, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री केएस मशराम, जिला शिक्षा अधिकारी श्री रमेश निषाद सहित जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन वन विभाग, लोक निर्माण विभाग सहित समस्त विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण-कर्मचारीगण, गणमान्य नागरिक एवं मीडिया प्रतिनिधि मौजूद थे।

## विशेष पिछड़ी जनजाति के ग्रामों में विशेष मतदाता जागरूकता एवं हस्ताक्षर अभियान

**महासमुंद 14 अप्रैल ।** आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग महासमुंद के द्वारा जिले में निवास करने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति के ग्रामों में जाकर विशेष मतदाता जागरूकता अभियान एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है, ताकि दूरस्थ अंचलों में निवास करने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति भी लोकतंत्र के इस महापर्व लोकसभा चुनाव 2024 में अपनी सम्पूर्ण सहभागिता देकर अपने अधिकार का प्रयोग कर सके । इस सम्बन्ध में विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में लोकसभा निर्वाचन हेतु मतदान 26 फ़रवरी को होना है जिसमें मतदान का प्रतिशत बढ़ाने हेतु भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा विशेष मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न आयोजन कर आम नागरिकों को मतदान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने हेतु प्रेरित किया जा रहा है7 इसी क्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मालिक के निर्देश पर आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग महासमुंद के द्वारा महासमुंद जिले में निवास करने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है जिससे वे भी इस लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व पर अपनी सहभागिता दे सके 7 इस सन्दर्भ में ज्ञात हो कि जिले के तीन विकासखंड महासमुंद, बागबाहरा और पिथौरा के 77 ग्रामों में विशेष पिछड़ी जनजाति के 923 परिवारों में कुल 3350 व्यक्ति निवास करते है । दूरस्थ अंचलों में निवास करने वाले इन व्यक्तियों में शिक्षा एवं अन्य मुलभुत सुविधाओ का अभाव है, इनके अभाव को दूर करने के लिए भी विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है । यह स्वयं भी समाज की मुख्य धारा से दूर अपना पारंपरिक जीवन जीना पसंद करते है।

राइस मिलरों के डीओ बिकवाकर जीरो शॉर्टेज कराने में जुटे विभाग

# जिले में करोड़ों का धान घोटाला होने की आशंका!



**रायगढ़, 14 अप्रैल।** हैरानी की बात है कि धान खरीदी के दौरान बोगस खरीदी और फर्जी लोन के मामले सामने आए लेकिन प्रशासन चुप रहा। खरीदी पूरी होने के बाद भौतिक सत्यापन कराया गया लेकिन अफसर सब कुछ छिपा गए। अब उठाव के आखिरी दिनों में राजपुर समेत दर्जन भर समितियों में शॉर्टेज आ चुका है। इसकी भरपाई कराने के लिए अब अधिकारी मिलरों के डीओ बिकवा रहे हैं। रायगढ़ जिले में इस साल 53.91 लाख क्विंटल धान की खरीदी हुई है। इसमें से 50 हजार क्विंटल से अधिक धान अब भी केंद्रों में पड़ा दिखाई दे रहा है। अभी किसी भी केंद्र में धान नहीं है लेकिन उठाव हो रहा है। बोगस खरीदी के कारण दर्जन भर समितियों में भारी मात्रा में धान रिकॉर्ड में बचा हुआ है। अब इस बोगस खरीदी की जानकारी को छिपाकर भरपाई कराने का काम अधिकारी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री के रायगढ़ प्रवास के पूर्व ही सभी केंद्रों को जीरो शॉर्टेज करने की तैयारी है। चाहे किसी भी तरह हो, समिति में धान की भरपाई कराई जानी है। जिन मिलरों के डीओ काटे जा चुके हैं, उनकी डील समिति प्रबंधकों से कराई जा रही है। हैरानी की बात है कि खरीदी के तुरंत बाद कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने उपार्जन केंद्रों का सत्यापन करने का आदेश दिया था। खाद्य विभाग के मार्गदर्शन में टीम भी बनीए लेकिन कैसा भौतिक सत्यापन हुआ किसी को नहीं पता। बोगस खरीदी का पता उसी समय चल गया था, लेकिन इसकी रिपोर्टिंग कलेक्टर को नहीं की गई। करीब 15 करोड़ के घोटाले को छिपाया गया।

### कई लोगों की है संलिप्तता

इस बार राजपुर, लैलूंगा, कापू, लिप्ती, सिसरिंगा, लारीपानी, लिबरा, घरघोड़ा, कोड़ासिया, खडगांव आदि केंद्रों में बोगस खरीदी हुई और ओडिशा का धान खपा है। फरवरी में ही धान कम मिला था, लेकिन तब कार्रवाई नहीं की गई। अब उन्हीं केंद्रों में शॉर्टेज आ रहा है। अब भी जांच और कार्रवाई नहीं हो रही। गड़बड़ी को छिपाने के लिए ताबड़तोड़ तरीके से डीओ में गड़बड़ी की जा रही है।

### 1900 से 2200 में बिक रहे डीओ

जिन केंद्रों में मिलरों के डीओ जारी हो गए हैं, लेकिन धान नहीं है, वहां डीओ को बिकवाया जा रहा है। समिति प्रबंधक ही बोगस खरीदी को एडजस्ट करने के लिए मिलरों के डीओ 1900-2200 रुपए प्रति क्विंटल में खरीद रहे हैं। धान की कीमत 3100 रुपए है मतलब करीब 1000 रुपए प्रति क्विंटल की अवैध कमाई हो रही है जो कई स्तरों में बंट रही है।

## बाल विवाह रोकने टीमें अलर्ट कलेक्टर ने जारी की एडवाइजरी

**रायगढ़, 14 अप्रैल।** आगामी रामनवमी और अक्षय तृतीया में बाल विवाह की संभावना को देखते हुए कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने बाल विवाह के रोकथाम के लिए एडवाइजरी जारी की है। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई ही नहीं अपितु कानूनन अपराध है। इसकी रोकथाम के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा, तभी समाज इस बीमारी से मुक्त हो सकेगा। उन्होंने कहा कि हम सभी का दायित्व है कि समाज में व्याप्त इस बुराई को पूर्णतः रोकथाम हेतु जनप्रतिनिधियों, नगरीय निकायों, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संगठनों एवं आमजनों से सहयोग प्राप्त करते हुए इस प्रथा के उन्मूलन हेतु कारगर कार्यवाही करें। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह करने वाले वर एवं वधु के माता-पिता, सगे संबंधी, बाराती यहां तक की विवाह कराने वाले पुरोहित पर भी कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। इसके अतिरिक्त यदि वर या कन्या बाल विवाह पश्चात विवाह को स्वीकार नहीं करते है तो बालिग होने के पश्चात विवाह को शून्य घोषित करने हेतु आवेदन कर सकते है। बाल विवाह के कारण बच्चों में कुपोषण, शिशु मृत्य दर एवं मातृ मृत्यु दर के साथ घरेलू हिंसा में भी वृद्धि होती है एवं बाल विवाह बालको के सर्वोत्तम हित में नहीं है अतएव जिले में इसकी रोकथाम किया जाना आवश्यक है। जारी एडवाइजरी में उल्लेख है कि छत्तीसगढ़ में मुख्यतः रामनवमी एवं अक्षय तृतीया पर बड़ी संख्या में विवाह होते है। इन अवसरों पर बाल विवाह भी हो सकते है। अतएव पूर्व से ही ग्राम पंचायतवार होने वाले विवाहों की समीक्षा ग्राम स्तरीय/खण्ड स्तरीय बाल संरक्षण समिति के माध्यम से की जाए एवं बाल विवाह होने के संबंध में जानकारी प्राप्त होने पर विवाह रोकने हेतु समझाईश देते हुए नहीं मानने पर कानूनी कार्यवाही करें। आगामी 17 अप्रैल 2024 रामनवमी एवं 10 मई 2024 को अक्षय तृतीया में बाल विवाह की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन सजग रहते हुए लोकसभा निर्वाचन-2024 के आचार संहिता का पालन करते हुए बाल विवाह रोकथाम हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने जिले में बाल विवाह होने की संभावना को देखते हुए विकासखण्ड/ परियोजना स्तरीय समिति का गठन किया है।

## एक नजर

### आईपीएल मैच का नेटवर्क पर पड़ रहा असर



**भखारा, 14 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** इन दिनों जिओ सिम उपभोक्ताओं को नेटवर्क की भारी समस्या से गुजरना पड़ रहा है हाल ही में शुरू हुए आईपीएल मैच ने आम लोगो को नेटवर्क संकट में डाल दिया है बता दें कि जैसे ही आईपीएल मैच प्रारंभ हुआ तब से अधिकतर युवा अपने स्मार्टफ़ोन में मैच का लुफ्त उठाना शुरू कर दिए है जिसके चलते नेटवर्क धीमा हो गया है खासकर जिओ सिम उपभोक्ताओं को नेटवर्क समस्या ने ज्यादा घेर रखा है उपभोक्ता बताते है कि किसी के पास भी फोन करने पर व फोन आने पर आवाज कटने की समस्या उत्पन्न हो रहा है व इंटरनेट चालू करने पर वीडियो,फ़ोटो डाऊनलोड नही हो रहा है ऐसे में नेटवर्क की साया लोगो की जीवन शैली पर पड़ने लगा है आज के समय मे युवा पीढ़ी व नौकरीपेशा वर्ग फोन में ही अपना मनोरंजन व आधे से ज्यादा काम का निदान फोन में ही करते है लेकिन धीमे नेटवर्क की वजह से व्यवस्था से चरमरा गया है

**नेटवर्क के लिहाज से टावर नही :** कोई भी कंपनी सिम बेचने व उपभोक्ता बढ़ाने तक ही सीमित है लेकिन सिम के लिहाज से टावर लगाने कोताही बरत रहे है जिसके चलते लोगो को नेटवर्क की समस्या से गुजरना पड़ता है वहीं भखारा तहसील क्षेत्र के अंवरी व सेमरा अंचल के उपभोक्ता बताते है कि सालभर से नेटवर्क का यही रोना है नेटवर्क के कारण ही सिम को वोडाफोन-आइडिया से जिओ व जिओ से किसी अन्य में पोर्ट करा रहे है लेकिन नतीजा वही की वही है नेटवर्क व्यवस्था नही सुधरने से लोगों की जीवनशैली में प्रभाव पड़ने लगे है!

### व्यय प्रेक्षक ने अधिकारियों को समन्वय से कार्य करने के दिए निर्देश



**बलौदाबाजार, 14 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए रायपुर लोकसभा क्षेत्र लिए बनाए गए व्यय प्रेक्षक रण विजय कुमार (आई आर एस)ने निर्वाचन के लिए बनाए गए विभिन्न टीमों के प्रभारियों व वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर निष्पक्ष, पारदर्शी व सकुशल ढंग से टीमवर्क व परस्पर समन्वय के साथ निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए कहा। प्रेक्षक कुमार ने अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन लोकतंत्र की स्वस्थ परंपरा है और अधिकारी बड़े भाग्यशाली हैं कि वह निर्वाचन की प्रक्रिया का एक हिस्सा है। व्यय प्रेक्षक ने कहा कि निर्वाचन के लिए गठित विभिन्न टीम के प्रभारी व सदस्य आयोग की मंशा अनुरूप निर्धारित प्रारूप व रजिस्टर बनाएं तथा निर्धारित समय सीमा में ही सभी रिपोर्ट प्रेषित की जाए। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान ने व्यय प्रेक्षकों को अवगत कराते हुए कहा कि निर्वाचन से संबंधित सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा निर्वाचन के लिए गठित विभिन्न टीम सक्रिय हैं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी व सकुशल ढंग से संपन्न कराया जाएगा। मतदान केंद्रों पर आयोग की मंशा अनुरूप एश्योर्ड मिनिमम फैसेलिटीज भी कराई गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी विभिन्न बैठकर आयोजित कर आदर्श आचार संहिता के प्रभावित क्रियान्वयन में सहयोग देने व आयोग के द्वारा जारी विभिन्न दिशा निर्देशों के संबंध में भी अवगत कराकर अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। बैठक उपरांत व्यय प्रेक्षक कुमार ने उपजिला निर्वाचन कार्यालय में स्थित विभिन्न अनुवीक्षण इकाइयों का भी अवलोकन किया। जिसमें कंट्रोल रूम, व्यय अनुवीक्षण सेल, एफएसटी, वीएसटी, एमसीएमसी सेल में तैनात कर्मचारियों से मुलाकत कर ड्यूटी संबधित जानकारी ली। इस दौरान कुछ व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए है।

# पापियों का दमन करती हैं शक्तिस्वरूपा मां दुर्गा : पंडित मालूराम शर्मा

✍ पंडित मालूराम शर्मा



**तिल्दा-नेवरा, 14 अप्रैल।** हिन्दू धर्म में मान्यताओं के अनुसार मां दुर्गा को शक्ति और पापियों का दमन करने वाली देवी के रुप में दर्शाया गया है. इनके नौं स्वरुप है जिनमें उनके प्रत्येक रुप सी में प्रत्येक देवी के अलग-अलग वाहन व अलग-अलग अस्त्र- शस्त्र है. पर ऐसा कहा जाता है कि ये सभी एक ही हैं. मां दुर्गा के इन सभी स्वरूपों को दुर्गा कहा जाता है. मां दुर्गा की कृपा अपरंपार है वे सिंह की सवारी करती हैं उनको युद्ध की देवी भी कहा जाता है. तो आइये आज हम आपको बताते हैं मां दुर्गा के बारे में...

### मां शक्ति

ऐसी मान्यता है कि देवताओं की राक्षसों से रक्षा करने के लिए मां दुर्गा की उत्तपत्ति हुई. मां दुर्गा के कई नाम होने पर भी दो नाम गौरी और काली मुख्य हैं. देवी गौरी का स्वरूप बेहद सुन्दर और शान्त है, तो वहीं उनका सबसे विकराल रूप है मां काली का...

मान्यताओं के अनुसार गले में नर मुन्डों की माला और हाथों में शस्त्र लिए मां काली एक विकराल रूप में पापियों की बली लेती है. हिन्दुओं की प्रमुख देवी हैं मां दुर्गा. वे शक्ति का प्रतीक हैं. हिंदू धर्म की प्रमुख देवी दुर्गा की तुलना परम ब्रह्म से की जाती है. दुर्गा को युद्ध करने



वाली देवी माना गया है. मान्यता है कि वे शान्ति, समृद्धि और धर्म के मार्ग पर भटकने वाले और राक्षसी शक्तियों का नाश करती हैं. यही वजह है कि उन्हें शक्ति की देवी भी माना जाता है. हिंदू मान्यता के अनुसार मां दुर्गा को भगवान शिव की पत्नी यानी माता पार्वती का ही एक रूप माना जाता है. उपनिषदों में मां दुर्गा को उमा हैमवती यानी हिमालय की पुत्री के रूप में वर्णित किया गया है. वहीं विश्व प्रसिद्ध हिन्दू पुराणों में मां दुर्गा को आदिशक्ति कहा गया है.

भारत के पडोसी देश नेपाल के कई मंदिरों में मां दुर्गा की पूजा की जाती है. हिन्दू धर्म की मान्यताओं के अनुसार हर औरत में मां दुर्गा का वास होता है, साथ ही स्त्रियों और छोटी कन्याओं को सम्मान देने से मां दुर्गा प्रसन्न होती हैं. इस तरह शास्त्रों में शरीर को पुर या दुर्ग कहा गया है जिसमें आत्मा के रूप में पुरुषोत्तम या शक्ति के रूप में दुर्गा निवास करती हैं। दुर्गा सप्तशती में आता है- या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता, नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः। यानी जो देवी सभी प्राणियों में शक्ति रूप से स्थित हैं उन्हें बार-बार नमस्कार है। शक्ति पूजन के बिना कोई भी देव पूजा अधूरी मानी जाती है। श्रीयंत्र पूजा शक्ति साधना का एक बड़ा ही प्रखर रूप माना जाता है।

नवरात्रि में काली माता को बुराई का विनाश करने वाली देवी के रूप में जाना जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, काली माता को प्रसन्न करने का सबसे अच्छा तरीका उनकी प्रतिमा की पूजा करना माना जाता है। इसके अलावा कुछ उपायों को करके आप काली माता को प्रसन्न कर सकते हैं और तमाम तरह की परेशानियों से छुटकारा पा सकते हैं। इस तरह देवी भक्ती में अपने को नवरात्रि पर्व पर समर्पित किया जा सकता है। नो दिन विशेष पूजा पाठ करने से मां का आशीर्वाद प्राप्त किया जा सकता है।

### पुलिस ने चाकू एवं अन्य धारदार हथियार की नोक पर लूट की घटना करने वालों पर की कार्रवाई

# दो अपचारी बालक सहित पांच पकड़ाए

- आरोपियों ने संत माता कर्मा वार्ड गजानंद कॉलेज के पास खाली मैदान में लूट की घटना को अंजाम दिया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**आरोपियों के नाम**

» जयप्रकाश उर्फ दादू ध्रुव पिता रामलाल उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम भोथीडीह थाना सुहेला
» निखिल नामदेव पिता मोहन नामदेव उम्र 19 वर्ष निवासी बलभद्र वार्ड भाटापारा
» लक्ष्मण बंजारे पिता विश्वनाथ उम्र 18 वर्ष 06 माह निवासी संत माता कर्मा वार्ड भाटापारा
» अपचारी बालक 02

**भाटापारा, 14 अप्रैल।** भाटापारा पुलिस ने चाकूबाजी कर लूट करने वाले दो अपचारी बालक सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार आरोपियों द्वारा प्रार्थी से 01 मोबाइल, 01 आईफोन मोबाइल, नगदी 12400 को लूट लिय आरोपियों द्वारा रेलवे स्टेशन पार्किंग में रखे प्रार्थी के बाइक को भी लेकर फरार हो गये थे पुलिस टीम को आरोपियों से लूट का एक मोबाइल, एक आईफोन मोबाइल, मोटरसाइकिल एवं नगदी रकम 1350 बरामद करने में सफलता मिली। आशीष अरोरा एसडीओपी के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी भाटापारा शहर निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे ने बताया प्रार्थी ओम प्रकाश वर्मा निवासी ग्राम चांपा की रिपोर्ट ने रिपोर्ट दर्ज कराया अपने ग्राम चांपा से अपनी मोटरसाइकिल ष्टक्च शाइन में भाटापारा से ट्रेन में बैठकर डोंगरगढ़ जाने के लिए निकला था, तथा अपनी मोटरसाइकिल को रेलवे स्टेशन पार्किंग में रखकर पर्ची लेकर शहर तरफ घूमते हुए पैदल जा रहा था। कि इसी बीच रात्रि 11.00 बजे लगभग तीन व्यक्ति मोटरसाइकिल के माध्यम से मेरा पीछा करते हुए कॉलेज गेट के पास आये और मुझे पकड़कर रोड के बाजू खाली मैदान में ले जाकर तीनों व्यक्तियों ने मुझसे हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए चाकू एवं अन्य धारदार हथियार दिखाकर मेरे पास रखे सामान को लूटकर फरार हो गए। आरोपियों द्वारा प्रार्थी के पास रखा एक रेडमी मोबाइल कीमत 5000, एक आईफोन मोबाइल कीमती 52, 000, एक बैग जिसमें नगदी 12400 रकम रखा था, लूट लिया गया। सांथ ही इसी बैग में रखे पार्किंग पर्ची की सहायता से आरोपियों द्वारा रेलवे स्टेशन पार्किंग में रखे मेरा मोटरसाइकिल ष्टक्च शाइन क्र. ष्टत्र22 ड्ढ1601 को भी लेकर फरार हो गये।

रिपोर्ट दर्ज होते ही थाना भाटापारा शहर की पुलिस टीम द्वारा लूट की घटना करने वाले अज्ञात आरोपियों की में पतासाजी प्रारंभ की गई। पुलिस की एक टीम द्वारा मूखबिरों के माध्यम से घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा रही थी, तथा दूसरी टीम द्वारा भाटापारा शहर में सिटी सर्विलांस के माध्यम से लगे सीसीटीवी कैमरों की सहायता से आरोपियों का पता तलाश किया जा रहा था। कि इसी बीच ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज में प्रकरण के 03 संदिग्ध आरोपी मोटरसाइकिल में घूमते हुए पहचान में आये। कि पुलिस टीम द्वारा आरोपियों को पकड़कर कड़ाई से पूछताछ किया गया, जिसमें आरोपियों द्वारा अन्य 02 अपचारी बालकों के साथ मिलकर लूट की घटना करना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में पुलिस द्वारा आरोपियों से लूट का एक मोबाइल, एक आईफोन मोबाइल, प्रार्थी का मोटरसाइकिल एवं नगदी रकम 1350 बरामद किया गया है। प्रकरण में सभी पांच आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजने एवं अपचारी बालकों को बाल संप्रेषण गृह भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी में उप निरीक्षक घनश्याम वर्मा, प्रधान आरक्षक भूखन वर्मा, आरक्षक उमेश वर्मा, दुर्गेश साहू, विजय ठाकुर, रामस्नेही कैवर्त एवं लोरिक शांडिल्य का विशेष योगदान रहा।

# ग्राम बोरसी स्थित माता कर्मा मंदिर में मूर्ति स्थापना कर मनाई गई जयंती

### समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए विधायक इन्द्र साव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 14 अप्रैल।** बोरसी (ध) में ग्रामीण साहू समाज के तत्वावधान में ग्राम में साहू समाज के नवनिर्मित मंदिर में माता कर्मा की मूर्ति स्थापना सुबह 10 बजे पूजन के साथ भक्त माँ कर्मा की जयंती समारोह बड़े ही धुमधाम से भक्तिपूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

जयंती समारोह में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक इन्द्र साव विशेष रूप से उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में लिलेश्वरी साहू संयुक्त सचिव प्रदेश साहू संघ महिला प्रकोष्ठ, भरत साहू उपाध्यक्ष तहसील साहू संघ भाटापारा, श्रीमती ममता कमलेश साहू उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ तहसील साहू संघ भाटापारा, सहदेव साहू अध्यक्ष मोपर परिक्षेत्र, तिहारू राम साहू अध्यक्ष तरेंगा परिक्षेत्र, रामसागर साहू अध्यक्ष सिंगारपुर परिक्षेत्र, कुलेश्वर साहू अध्यक्ष मोपका परिक्षेत्र एवं नगर, तहसील, ग्रामीण परिक्षेत्र के समस्त प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों के साथ सैकड़ों की संख्या में स्वजातिय बंधुओं व भगनियो ने भाग लिया। इसके पश्चात् दोपहर 3 बजे से इस कार्यक्रम में पधारे समस्त अतिथियों का स्वागत व सम्मान किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक इन्द्र साव ने माता कर्मा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए अपने संबोधन में बताया कि माँ कर्मा जब बाल्यावस्था में थी तब उनके माता-पिता उन्हे घर में अकेली छोड़ कर किसी कार्य से कुछ दिनों के लिए बाहर गये थे। तब वे अपनी पुत्री भक्त माँ कर्मा से कहकर गये थे कि वह स्वयं भोजन करने से पहले भगवान श्री कृष्ण को प्रतिदिन भोग लगाकर ही भोजन करें। माँ कर्मा ने प्रथम दिवस ऐसा ही किया। उन्होंने भगवान श्री कृष्ण को भोग लगा दिया। फिर कुछ देर तक बैठी रही। कुछ समय पश्चात् उसने भोग की थाली को देखा तो वह वैसी की वैसी ही दिखी भगवान श्री कृष्ण ने भोग को ग्रहण नहीं किया था। तब माँ कर्मा ने ठान लिया कि जब तक भगवान भोग नहीं करेंगे तब तक वह भी खाना नहीं खायेगी। वह कई दिनों तक भूखे ही रहीं। तब भगवान श्री कृष्ण ने उनके हठ के आगे नतमस्तक होकर उनको स्वयं दर्शन देकर उनका लगाया भोग ग्रहण किया। जो खिचड़ा के रूप में था। ऐसी भक्त थी माता कर्मा। हम सभी उसी भक्त माता कर्मा की संताने है, जिसका हमें गर्व है। कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में सामाजिक व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### नुक्कड़ नाटक कर छात्र छात्राओं ने की शत-प्रतिशत मतदान की अपील

**बलौदाबाजार, 14 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में शतप्रतिशत मतदान करने को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कार्यक्रम के तहत आज बलौदाबाजार में विकासखंड स्तरीय मतदान जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें स्कुली छात्र छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सभी को मतदान करने की आवश्यकता क्यों है समझाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बलौदाबाजार एसडीएम अमित गुप्ता ने उपस्थित सभी लोगों को मतदान करने की शपथ दिलाई इस अवसर पर छात्र छात्राओं के बीच भाषण, निबंध, चित्रकला नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। भाग लेने वाले छात्र छात्राओं को मुख्य अतिथि ने सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में शाश्वत इंग्लिश एवं हिन्दी मीडियम स्कूल, गुरूकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल, अंबुजा विछापीठ, आरएलबी स्कूल के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर जनपद सीईओ मनहरण मंडावी, बीईओ टंडन, बीआरसी सी अविनाश तिवारी, गिरीश पटेल, मनीष बरनवाल सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। एसडीएम अमित गुप्ता ने कहा कि मतदान लोकतंत्र का त्यौहार है और इसे हम सभी को हर्षोल्लास के साथ मनाना है।

## समाचार संक्षेप

### मंत्री टंकराम ने कार्यकर्ताओं के साथ कई माता मंदिरों में किए देवी दर्शन



**तिल्दा-नेवरा, 14 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम तुलसी, नेवरा में शीतला माता मंदिर में मैया एवं ज्योति के दर्शन कर सभी प्रदेशवासियों के सुखमय जीवन की प्रार्थना की। तत्पश्चात् मैया का आशीष लेकर 'बूथ विजय संकल्प अभियान' के तहत ग्राम का दौरा कर ग्रामवासियों से भेंट कर उनसे आगामी लोकसभा चुनाव में कमल का बटन दबाकर भारतीय जनता पार्टी को अपना आशीर्वाद देने का अनुरोध किया। मंत्री के साथ बीजेपी के कार्यकर्ताओं में जोश देखा गया और इस कारण मंदिरों में दर्शन करने बीजेपी कार्यकर्ता मंत्री के साथ चल रहे थे। तिल्दा नेवरा नगर में मंत्री ने नागरिकों से मुलाकात कर मोदी की गारंटी के लिए कमल फूल में बटन दबा कर विजय बनाए।

### कैनिनेट मंत्री ने मां बंजारी के दरबार में मत्था टेका



**तिल्दा-नेवरा, 14 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** श्री मां बंजारी शक्तिपीठ ट्रस्ट खपरी मढ़ी में चैत्र नवरात्र पर्व के पांचवा दिन ( पंचमी ) स्कन्द माता मां बंजारी की दर्शन प्राप्तद्ध कर क्षेत्र वासियों के साथ-साथ प्रदेशवासियों के उज्जवल भविष्य की कामना की इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा जी के साथ में जिला उपाध्यक्ष शिव शंकर वर्मा ,ग्राम पंचायत कुंदरू के सरपंच यशवंत वर्मा,ट्रस्ट समिति के सदस्य एल एल वर्मा दीपक तिवारी, और ग्राम के अन्य गणमान्य लोग माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया और माननीय मंत्री महोदय आजीवन ज्योति का दर्शन प्राप्त किया।

### चैत्र नवरात्रि पर्व व आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आबकारी की शराब कोचियों पर पुलिस की कड़ी कार्रवाई

**राजनांदगांव, 14 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आप्स मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के निर्देशन पर नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक, एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम, एसडीओपी डोंगरगांव दिलीप सिसोदिया के मार्गदर्शन में चैत्र नवरात्रि पर्व लेकर एवं आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रखते हुये कानून व्यवस्था कायम रखने हेतु अवैध रूप से शराब बिक्री एवं परिवहन पर अंकुश लगाने व कड़ी कार्यवाही करने तथा असामाजिक तत्वों के विरूद्ध चलाए जा रहे सत्त अभियान के तहत जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देश किया गया था जिसके तहत 12 व 13 अप्रैल को थाना कोतवाली, बसंतपुर, गैंदाटोला डोंगरगढ़, घुमका, छुरिया, बोरतलाव एवं ओपी चिचोला, चिखली, सुकुलदैहान, मोहारा, सुरगी पुलिस द्वारा आबकारी एक्ट के कुल 17 प्रकरणों में 17 आरोपियों के कब्जे से विदेशी अंग्रेजी शराब 144 पौवा एवं देशी प्लेन शराब 262 पौवा व 16 पौवा संत्री महाराष्ट्र शराब कीमती जुमला 43, 100/-रूपये एवं ब्रिकी रकम 4390/-रूपये जुमला कीमती 47, 490/-रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध 34 (2), 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई साथ ही थाना बसंतपुर एवं घुमका पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के 02 प्रकरणों में 06 आरोपियों के कब्जे से 8.350 ग्राम गांजा कीमती 114, 000/-रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध अपराध धारा 20 (बी), 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया।



कोतवाली, बसंतपुर, गैंदाटोला डोंगरगढ़, घुमका, छुरिया, बोरतलाव एवं ओपी चिचोला, चिखली, सुकुलदैहान, मोहारा, सुरगी पुलिस ने अवैध शराब बेचने वालों के खिलाफ चलाया अभियान

### संभव स्पंज पावर प्राइवेट लिमिटेड ने सरोरा, तिल्दा नेवरा के में किया निःशुल्क स्वास्थ्य व नेत्र जाँच शिविर का आयोजन

# लोगों की सेवा करने के लिए हम प्रतिबद्ध : शीतल गोयल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 14 अप्रैल।** संभव स्पंज पावर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ब्रिज लाल गोयल के मार्ग दर्शन में गणेश विनायक आई हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम के उपस्थिती में निःशुल्क स्वास्थ्य व नेत्र जाँच शिविर का आयोजन शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सांकरा भूमिया में किया गया। शीविर में नेत्र जाँच, स्वास्थ जाँच एवं चिकित्सा परामर्श निःशुल्क प्रदान किया गया, एवं निःशुल्क चश्मा वितरण भी किया गया। ग्रामिणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया ग्राम पंचायत सांकरा में निःशुल्क स्वास्थ्य व नेत्र जाँच शिविर में संभव स्पंज पावर प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर विकास गोयल एवं उनकी धर्मपत्नी शीतल गोयल ने कहा कि कि हम लोगों की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और ये शिविर उसी दिशा में एक पहल है. गरीबों और असहाय लोगों की सेवा करना एक पुण्य का काम है। ऐसे बीमार मरीज जो अपना इलाज नहीं करा पाते उनके लिए उनके द्वारा ग्राम स्तर पर निःशुल्क स्वास्थ्य व नेत्र जाँच शिविर आयोजित किया गया है।

निःशुल्क जाँच और स्वास्थ्य के लिए जागरूक करने की पहल देख ग्रामिणों को बड़ा हर्ष हुआ संभव स्पंज पावर प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा सुव्यवस्थित व्यवस्था करवाई गई साथ ही घर - घर जाकर गांव के लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया जिसके चलते काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे। ग्राम के सैकड़ों मरीजों का पंजीयन कर स्वास्थ्य परीक्षण किया इस दौरान चिकित्सकों ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने पर जोर दिया और कहा कि आए दिन मौसम में बदलाव आ रहा है, ऐसे में स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें



**मरीजों ने जाहिर की खुशी:** मरीज भी इलाज से खुश हैं. सांकरा से आए लोगों का कहना है कि यहां पर इलाज फ्री हो रहा है और परामर्श भी दिया जा रहा है.अगर हम कहीं और परामर्श लेने जाते हैं तो वहां पर 100 से 300 रुपए फीस देनी पड़ती है, लेकिन निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में हमें फ्री में परामर्श और इलाज मिल रहा है. साथ ही उनका कहना है कि यहां पर मरीज का भी अच्छे से ध्यान रखा जा रहा है.कार्यक्रम को सफल बनाने में संभव स्पंज पावर प्राइवेट लिमिटेड के, सुतनु गोस्वामी, एमके मूर्ति, राहुल दुबे, अमित शर्मा जीतेन्द्र वर्मा, कु.सुचिता जैन, धनेश साहू , मनीष सिन्हा ने अपना योगदान दिया।

### गांजा के साथ युवक पकड़ाया

**रायपुर, 14 अप्रैल।** तेलीबांधा पुलिस ने सुभाषनगर में दबिश देकर गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 1 किलो 300 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सुभाषनगर में दबिश देकर आरोपी विक्की देशमुख 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 1 किलो 300 ग्राम गांजा जब्त किया है। ०००


### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं (विवाहपूर्व नाम) हेम लता लाल चंदानी, (विवाह पश्चात नाम) हेमलता जसवानी, पिता दयालदास लालचंदानी, निवासी प्लाट 21,22 सड़क 16, प्रगति नगर, रिसाली, भिलाई, दुर्ग (छ.ग.) सत्यनिष्ठापूर्वक घोषणा करती हूँ कि मैंने अपने ये पूर्व नाम त्याग कर नया नाम रश्मि जसवानी, पति अशोक जसवानी रख लिया है। अतः आज से समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मुझे मेरे नये नाम रश्मि जसवानी, पति अशोक जसवानी से ही जाना पहचाना जावे।

**रश्मि जसवानी**
**प्लाट 21,22, सड़क 16, प्रगति नगर, रिसाली, भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

## एक नजर

### महिला से मारपीट

**रायपुर, 14 अप्रैल।** सुभाष नगर नाहरपार में घरेलू विवाद को लेकर एक युवक ने कूकर से अपनी मां को मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थिया की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया बतुलन बेगम 55 वर्ष सुभाष नगर नाहरपार की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया के पुत्र आरोपी जुम्मन 35 वर्ष ने घरेलू विवाद को लेकर प्रार्थिया से गाली-गलौज कर कुकर से सीर पर मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थिया की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफधारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### युवक से मारपीट

**रायपुर, 14 अप्रैल।** ग्राम छतौना में उधार पैसे के लेन-देन को लेकर एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी महेश रात्रे 25 वर्ष ग्राम छतौना का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी विनय माधुरी ने उधार पैसे के लेन-देन को लेकर प्रार्थी महेश से गाली-गलौज कर कुर्सी से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### चार सटोरिये चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर, 14 अप्रैल।** गुढियारी थाना पुलिस ने अलग-अलग क्षेत्रों में दबिश देकर ऑनलाइन सट्टा खिलाते 4 युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से सट्टा-पट्टी, 3 नग मोबाइल व नकदी 57970 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गुढियारी पुलिस ने गोगांव के गायत्री नगर मेडिकल के पास दबिश देकर ऑनलाइन सट्टा खिलाते आरोपी संजय कुमार गोड 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 1 नग मोबाइल और नकदी 4500 रुपए जब्त किया है। वहीं दूसरे मामले में पुलिस ने झाबक पेट्रोल पंप के पास आरोपी राजेंद्र बंजारे 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी 21550 रुपए जब्त किया है। वहीं आरोपी अमित धृतलहरे 26 वर्ष के पास से 1 मोबाइल, सट्टा-पट्टी सहित नकदी 20,400 रुपए जब्त किया है। वहीं आरोपी चंद्रकुमार दासवानी 56 वर्ष के पास से 1 मोबाइल, सट्टा-पट्टी सहित नकदी 11,520 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफजुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# अब चेहरा-ए-माज़ी भी पहचाना नहीं जाता... यूँ टूट के बिखरा है इतिहास का आईना...



इतिहास की जानकारी के बिना कुछ लोग वाट्सअप यूनिवर्सिटी के पोस्ट को पढ़ कर ही कुछ भी चर्चा करने लगते हैं?एक चर्चा पहले भी कुछ लोगों ने (हाल ही में मंडी लोस की भाजपा प्रत्याशी फ़िल्मी कलाकार कँगना राणावत ने पहला पीएम नेताजी सुभाष चंद्र बोस क्यों नहींज़?कहकर नया राग छेड़ दिया है) शुरू की है कि देश के पहले पी एम जवाहर लाल नेहरू नहीं वल्लभ भाई पटेल को होना चाहिए था?तब हुये चुनाव में नेहरू को नहीं पटेल को सारे वोट मिले थे।लेकिन नेहरू ने पटेल को पीएम बनने से रोक दिया? ऐसे लोगों के बारे में कहा जा सकता है कि इतिहास की जानकारी ही नहीं है?इस पर कुछ चर्चा जरुरी है, देश में पहला चुनाव कब हुएज़? जवाब आता है 19 51-1952 मेंज़्पटेलजी की मृत्यु कब हुई..? जवाब आया1950 में, फिर नेहरू ने पटेल को पीएम बनने से कैसे रोक दिया? इसके बाद लोग चुप हो जाते हैं, उनके पास कहने को कुछ नहीं होता!भारत के पहले आम चुनाव 25 अक्टूबर 1951 से लेकर 21 फरवरी1952 बीच हुए, बाद में भारत की पहली संवैधानिक सरकार चुनी गई।तब नेहरू देश के पीएम बने, तबतक तो पटेल का निधन हो चुका था।14 अगस्त 1947 की आधी रात (तकनीकी तौर पर 15 अगस्त 1947) को संविधान सभा की ओर से चुने गए भारत के गर्वनर जनरल लार्ड माउंटबेटन ने नेहरू को भारत के पहले पीएम पद की शपथ दिलाई, तब वल्लभ भाई पटेल सक्रिय राजनीति में थे, वे नेहरू की सरकार में डिप्टी पीएम, गृह मंत्री बने, 29मार्च 1946 को ब्रिटेन लेबर पार्टी के नेता, वहां के पीएम क्लीमेंट एटली ने भारतीय नेताओं से बातचीत करने कैबिनेट मिशन प्लान भेजा, इन 3 सांसदों सर स्टेफर्ड क्रिप्स, एबी एलेंजडर, पैर्था?क लारेंस का दल भारत में संविधान की रूपरेखा, संवि धान सभा और अंतरिम सरकार बनाने का प्रस्ताव लेकर आया था भारत की अंतरिम सरकार की रूप रेखा क्या होगी, कौन नेतृत्व करेगा, इस पर माथापच्ची शुरू हो गई!अंतरिम सरकार के प्रस्ताव को ध्यान में रखकर गांधी ने नये कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव कराने कहा।ऐसा माना जा रहा था कि कांग्रेस अध्यक्ष ही देश के पहले प्रधान मंत्री का दावेदार होगा।तब कांग्रेस अध्यक्ष अबुल कलाम आजाद थे, 1940 से ही कांग्रेसअध्यक्ष थे।अपनी किताब में उन्होंने 1946 में भी अध्यक्ष का चुनाव लड़ने की मंशा को लेकर लिखा था, 1946 में कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन गाँधी ने ही उन्हें ऐसा ना करने को कहा था। कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव में एआई सीसी के सदस्यों से मतदान कराया जाता था इसलिए तय हुआ कि केवल प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्षों के मत दान से ही अगला कांग्रेसा ध्यक्ष चुना जाएगा, सरदार पटेल ने नेहरु को अध्यक्ष पद देने का समर्थन किया। वायसराय लॉर्ड वेवल ने 1अगस्त 1946 को कांग्रेस अध्यक्ष नेहरू को अंतरिम सरकार बंनाने का न्योता दिया, 2सितंबर 1946 को नेहरू ने 11 अन्य सदस्यों के साथ पद की शपथ ली।तब जो पद नेहरू को मिला उसे पीएम तो नहीं कहा गया, लेकिन उसे राष्ट्राध्यक्ष कहा गया था, 4 जुलाई 1947को ब्रिटिश संसद में ही भारतीय स्वतंत्रता विधेयक पेश किया गया।18 जुलाई को स्वीकृति मिल गई खैर, नेहरू-पटेल के बीचमतभेद हो सकते होंगे, कुछ मुद्दों पर मत भिन्नता भी रही होंगी पर बे-बहस को तूल देकर आखिर कुछ लोग क्या चाहते हैंज़?




### चुनावः ज्योतिष तोता बंदी, आजाद भी...

तमिलनाडु से एक किस्सा सामने आया जिसने सोश ल मीडिया में धूम मचा दी है। पुलिस ने एक तोते को गिरफ्तार किया था।क्योंकि उसने आनेवाले चुनाव में नेता की जीत की भविष्य वाणी कर दी। तमिलनाडु के कुड्डालोर से पीएमके के उम्मीदवार हैं थंकर बचन। वो अपने इलाके में चुनाव के लिए प्रचार करते घूम रहे थे। एक मंदिर के बाहर से निकले।ज्योतिषी पिंजरे में तोता लिए बैठा था। किसी को भविष्य बताना होता था तो वो तोते को पिंजरे से बाहर निकालते, पिंजरे से बाहर आकर तोता सामने रखे कागज की पोथी के ढेर से एक पोथी चोंच से उठा कर अलग कर देता था, प्रत्याशी तोते से खुश होकर उसे कुछ खाने को देता, तोता खाकर वापस पिंजरे में चला जाता। थोड़ी ही देर में पुलिस वहां पहुँच गई। पुलिस ने ज्योतिष, उसके तोते को पकड़कर थाने ले गई। पुलिस ने ज्योतिष सेल्वराज को भी हड़काया, फिर तोते को कैद में रखने के जुर्म में वन विभाग को भी बुलवा लिया। विभाग ने ज्योतिष से तोता लेकर उसे जंगल में उड़ा दिया।



### बस्तर का ही सीएम अभी तक नहीं...?

छत्तीसगढ़ बनने के पहले श्यामाचरण शुक्ला, मोती लाल वोरा के सीएमबनने के कारण रायपुर, दुर्ग जिला चर्चा में रहा था तो कई मंत्रियों, विधानसभा अध्यक्ष बनने के कारण बिलासपुर जिला भीभारी था। नया छ्ग बनने के बाद पहले सीएम अजीत जोगी बने और बिलासपुर का दब दबा फिर बढ़ गया था, उसके बाद भाजपा के डॉ रमनसिंह लगातार 15 साल सीएम रहे तो दुर्ग संभाग सहित कवर्धा राजनांदगांव जिला चर्चा में रहा। बाद में कांग्रेस की सरकार बनी, दुर्ग जिले के पाटन के भूपेश बघेल सीएम बने तो भी दुर्ग जिले का महत्व बना रहा, उनके मंत्रिमंडल में दमदार मंत्री ताम्रध्वज साहू, रविंद्र चौबे, मोअकबर, रूद्र गुरु (सभी दुर्ग संभाग के विधा यक थे )भी वहीं के थे। खैर छ्ग में अभी लोस चुनाव में कांग्रेस के तीन भूपेश बघेल राजनांदगांव, ताम्रध्वज साहू महासमुंद, देवेंद्र यादव बिलासपुर और भाजपा की सरोज पांडे को कोरबालोस से प्रत्याशी बनाने से फिर दुर्ग जिला चर्चा में है।इधर



सरगुजा क्षेत्र से पहली बार विष्णुदेव सीएम बने हैं अब सरगुजा भी चर्चा में आगया है, वैसे यहां से डिप्टी सीएम टीएस बाबा भी बन चुके हैं तो सारंगढ़ से कुछ दिनों के लिये राजा नरेशसिंह भी अविभाजित मप्र के सीएम रह चुके हैं। बस अब बस्तर ही बच जाता है जहां से अभी तक कोई सीएम नहीं बना है...?

### खट्टर के बाद बलिराम की तारीफ और चर्चा...?

अपने बस्तर की चुनावी सभा में पीएम नरेंद्र मोदी ने बस्तर के जनसंघ, भाजपा के कद्दावर नेता रहे बली राम कश्यप की तारीफकी, उन्हें अपना गुरु भी बताया, साथ-साथ पहले बस्तर के दौरे की बात साझा की, उनके बयान के बाद कश्यप परिवार के केदार कश्यप की चिंता स्वाभाविक है..? मोदी ने हरियाणा में भीएक आमसभा में सीएम मोहन लाल खटटर को मित्र बताया था, उनकी मोटर सायकल के पीछे बैठकर हरियाणा के दौरे की याद साझा की थी और एक-दो दिन बाद ही खटटर सीएम पद से हटा दिये गये थेज़?

### और अब बस

- छत्तीसगढ़ में विस चुनाव में जो अति आत्मविश्वास कांग्रेस को था, क्या वही स्थिति लोस चुनाव में भाजपा की है?
- 22 साल का अग्निवीर रिटायर कर घर भेजा जाएगा और 73 साल का एक बुजुर्ग तीसरी बार सरकार बनाने का मौका देने का अनुरोध कर रहा है...?
- डॉ चरणदास महंत के मोदीजी को डिफाल्टर कहने से भाजपाई बौखला गये हैं..?



# विकसित भारत के निर्माण का संकल्प पत्रः साव

**रायपुर, 14 अप्रैल।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने भाजपा के संकल्प पत्र के विकसित भारत के निर्माण का संकल्प पत्र करार दिया है. उन्होंने कहा कि एक आत्मनिर्भर भारत, एक सशक्त भारत एक समृद्ध भारत का ये संकल्प पत्र है. संकल्प पत्र सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास सबका प्रयास वाला संकल्प पत्र है. इसे भी पढ़ें : बसपा ने छत्तीसगढ़ की तीन सीटों पर प्रत्याशी किए घोषित, जानिए किन्हें दिया मौकाज़



उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मीडिया से चर्चा में कहा कि पिछले 10 सालों में मोदी जी ने विश्वसनीयता बनाई है. देश के लोगों को के जीवन को सुलभ बनाया है. मोदी जी ने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है. ये निश्चित रूप से भारत के विकसित भारत के संकल्प का संकल्प पत्र है. 400 पार का नारा भी धरातल में आने वाला है.

कांग्रेस के न्याय गारंटी और संकल्प पत्र में से जनता किस पर भरोसा करेगी वाले सवाल पर अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के वादे और दावों को देश की जनता परख चुकी है. कांग्रेस पार्टी हमेशा झूठा वादा करती है, झूठ का पुलिंदा लेकर आती है. सरकार में आने के बाद कांग्रेस जनता को भूल जाती है. छत्तीसगढ़ में हमने देखा था सरकार में बड़े-बड़े वादे लेकर आए और एक भी वादा पूरा नहीं किया. देश और प्रदेश की जनता कांग्रेस के झूठे वादों पर नहीं आने वाली है.

संकल्प पत्र की घोषणा के दौरान छत्तीसगढ़ से योजनाओं से लाभान्वित महिलाओं को बुलाए जाने पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि देश भर में भाजपा सरकार की योजनाओं का लोगों को लाभ मिला है. उनके अनुभवों को भी पार्टी ने देश के सामने रखा है. किस प्रकार से उनके जीवन में बीजेपी सरकार के कारण परिवर्तन आए है. प्रदेश में महतारी वंदन योजना माता और बहनों के सशक्तिकरण के लिए महत्वाकांक्षी योजना है.

रायपुर और दुर्ग में कल होने वाली नामांकन रैली को लेकर अरुण साव ने कहा कि कल दुर्ग और रायपुर में हमारे प्रत्याशी नामांकन भरेंगे. नामांकन की तैयारी में हमारे कार्यकर्ता जोर-शोर से जुटे हुए हैं. बड़ी संख्या में लोग हमारी प्रत्याशियों के साथ मौजूद रहेंगे.

वहीं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दौरे पर उन्होंने कहा कि हमारे केंद्रीय नेताओं का लगातार छत्तीसगढ़ में दौरा हो रहा है. पीएम और रक्षामंत्री का आगमन हुआ. आज गृहमंत्री जी का आगमन हो रहा है. इससे हमारे मिशन 11 को ताकत मिलेगी. भाजपा भारी बहुमत के साथ 11 की 11 सीट जीतेगी.

कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार के पीएम मोदी को लेकर गाली देने के वायरल वीडियो पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि टुकड़े-टुकड़े गैंग के नेता, जो देश के टुकड़े होने की बात करते है, उनको गरीब मां के बेटे के प्रधानमंत्री होना बर्दाश्त नहीं हो रहा है. उनके देश के टुकड़े करने के मंसूबे कामयाब नहीं हो रहे हैं, इसलिए इस प्रकार की भाषा का उपयोग कर रहे हैं. इनकी मानसिकता जग जाहिर है.

# अग्निशमन सेवा दिवस पर निकली दमकल वाहनों की रैली

**रायपुर, 14 अप्रैल।** अग्निशमन सेवा दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर में रविवार को फायर ब्रिगेड की गाड़ियों की रैली निकाली गई. इस अवसर पर डीआईजी एलपी वर्मा ने बताया कि आने वाले दिनों में नया रायपुर और उरला में अग्निशमन स्टेशनों की स्थापना होगी. बता दें कि 14 अप्रैल को हर वर्ष अग्निशमन सेवा दिवस मनाया जाता है, इस अवसर पर आज रायपुर के टिकरापारा थाने से जागरूकता मार्च कार्यक्रम का आगाज किया गया. दमकल विभाग के अधिकारियों ने टिकरापारा थाने से अग्निशमन गाड़ियों को शहर के लिए रवाना किया और आमजनता को आग लगने के कारणों से बचाव के संदेश भी दिए गए.



बता दें कि 14 अप्रैल, 1944 को मुम्बई बंदरगाह पर फोर्टस्टीकेन नामक मालवाहक जहाज खड़ा था, जिसमें रूई की गांठें, विस्फोटक सामग्री एवं युद्ध उपकरण भरे हुए थे, उसमें अकस्मात भयानक आग लग गयी थी. मुम्बई के अग्नि शमन दल के जवान आग को बुझाने की लगातार कोशिश कर रहे थे. आग बुझाते समय जहाज में विस्फोटक सामग्री होने के कारण भयानक विस्फोट हुआ और इस आगजनी में आग बुझाने वाले दमकल के 66 अग्निशमन कर्मी आग की लपेट में आकर वीरगति को प्राप्त हुए थे. इन बहादुर अग्निशमन कर्मियों की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 14 अप्रैल को अग्निशमन सेवा दिवस मनाया जाता है.

# खण्डेलवाल के समर्थन में रायपुर के व्यापारी दिल्ली पहुंचे



रायपुर, 14 अप्रैल। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में चांदनी चौक लोकसभा प्रत्याशी कैट के राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण खण्डेलवाल जी के समर्थन में प्रदेश सहित देश भर के व्यापारी नेता दिल्ली में एकत्रित हुए है।

राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आगामी 25 मई को दिल्ली में लोकसभा 2024 का चुनाव होने वाला है। चांदनी चौक से लोकसभा प्रत्याशी कैट के राष्ट्रीय महासचिव प्रवीण खण्डेलवाल जी के समर्थन में प्रदेश सहित देश भर के व्यापारी नेता एकत्रित हुए है।

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया कि प्रवीण खंडेलवाल व्यापारियों के सबसे बड़े संगठन कनफेडरेशन ऑफ इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय महासचिव हैं। पारवानी एवं दोशी ने आगे बताया कि खण्डेलवाल के समर्थन में प्रदेश सहित देशभर के व्यापारियों ने लालकिला में एकत्रित हुए और प्रेसवार्ता कर रैली का आयोजन किया गया। कैट सी.जी. चैप्टर से अमर पारवानी, परमानन्द जैन, सुरिन्द्रर सिंह एवं अवनीत सिंह शामिल हुए।

**मतदाता जागरूकता के लिए अंतर विभागीय स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन**

# सेकेंड राउड में सुपर ओव्हर में पुलिस विभाग ने शानदार जीत हासिल की

**रायपुर, 14 अप्रैल।** रायपुर के सुभाष स्टेडियम में लोकसभा निर्वाचन 2024 के स्वीप कार्यक्रम के तहत 13 अप्रैल को अंतर विभागीय स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता के सेकेंड राउड में स्वास्थ्य विभाग और पुलिस विभाग। जिसमें पुलिस विभाग ने सुपर ओव्हर में शानदार जीत हासिल की। यह मैच कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में मुख्य अतिथि और स्वीप के जिला नोडल अधिकारी श्री विश्वदीप ने खिलाड़ियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई।

आज के मैच में पुलिस विभाग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 108 रन जोड़े। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 108 रन बनाकर सुपर ओव्हर का अवसर लाई। रोमांचक मुकाबले में स्वास्थ्य विभाग ने पहले सुपर ओव्हर में एक ओव्हर में 6 रन ही बना पाई। इस लक्ष्य को पुलिस विभाग की टीम ने बिना विकेट खोए ही दो बॉल में ही जीत दर्ज कर ली। इस खेल में मैन ऑफद मैच कौशल का चुना गया। सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजी के साथ गेंदबाजी भी की। साथ ही बेस्ट बॉलर की ट्रॉफी पुलिस विभाग की महिला खिलाड़ी रेमिन को दिया गया। वहीं बेस्ट बैस्ट्समैन अमन दास को चुना गया। इस अवसर पर अन्य अधिकारी व कर्मचारी, सैकड़ों की संख्या में दर्शक उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि 12 दिवसीय स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन में अंतर विभागीय टीम हिस्सा ले रही है। 10-10 ओव्हर के मैच में प्रत्येक टीम की तरफसे एक महिला खिलाड़ी को बॉलिग का मौका दिया जाना अनिवार्य है। साथ ही प्रत्येक ओव्हरों का निर्वाचन प्रक्रिया के तहत नामकरण किया गया है। स्वीप ओवर, अधिसूचना ओवर, ईवीएम ओवर, एफएसटी ओवर, वीवीपैट ओवर इत्यादि नाम दिए गए है। इस खेल का मुख्य उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में अधिक से अधिक मतदान का प्रतिशत बढ़ाना और अन्य लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करना है। इसी दिशा में स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

# सरेआम शराब पीते दर्जन भर पकड़ाए

**रायपुर, 14 अप्रैल।** राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफअभियान चलाकर सरेआम शराब पीते दर्जन भर लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफआबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार मोवा पुलिस ने मोवा तालाब के पास सरेआम शराब पीते आरोपी नारक बघेल 36 वर्ष व पंचराम सोनी 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी मोह.रमजान 45 वर्ष, वेदराम जगताप 42 वर्ष, अक्षय दास 26 वर्ष, प्रिंस कुमार 21 वर्ष व अभिषेक कुमार 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी राहुल साहू 22 वर्ष, खरोरा पुलिस ने आरोपी देवनाथ विश्वकर्मा 51 वर्ष, बाबुलाल खुटे 60 वर्ष व परदेशी नारंग 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह माना पुलिस ने आरोपी जय कुमार वर्मा 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# स्वास्थ्य परियोजनाओं से 4 लाख लोग लाभान्वित

**रायपुर, 14 अप्रैल।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर भारत के सबसे बड़े एल्यूमिनियम उत्पादक वेदांता एल्यूमिनियम ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024 में कंपनी ने ओडिशा व छत्तीसगढ़ में सामुदायिक स्वास्थ्य परियोजनाओं के द्वारा लगभग 4 लाख लोगों को लाभ पहुंचाया है। कंपनी उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से अपने समुदायों की सेवा कर रही है तथा निवारक स्वास्थ्य सेवाएं अपनाने को प्रोत्साहन दे रही है। इस वर्ष की थीम 'मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार' के अनुसरण में कंपनी लोगों को इस अधिकार के साथ सबको सशक्त बनाने पर जोर दे रही है। दूर-दराज के वंचित इलाकों में उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा व सूचना पहुंचाने में कंपनी की भूमिका महत्वपूर्ण है।



कंपनी ने अपने प्रचालनों में कई पहलें की हैं। ये प्रचालन स्थल हैंः झारसुगुडा, ओडिशा में कंपनी का मेगा एल्यूमिनियम प्लांट, लांजीगढ़ स्थित विश्व स्तरीय एल्यूमिना रिफाइनरी, कोरबा, छत्तीसगढ़ में स्थित भारत की प्रतिष्ठित एल्यूमिनियम उत्पादक व वेदांता एल्यूमिनियम की इकाई बालको तथा वाइज़ैग जनरल कार्गो बर्थ (वीजीसीबी) पोर्ट ऑपरेशंस।

झारसुगुडा में कंपनी ने मोबाइल हेल्थकेयर वाहनों के जरिए बड़े अभियान चलाए तथा स्वास्थ्यवर्धक जीवनशैली अपनाने हेतु समाज को जागरुक करने वाले पर्चे तकरीबन 30 गांवों में बांटे।

इसके अलावा वेदांता एल्यूमिनियम के सहयोग चल रहे झारसुगुडा डायग्नोस्टिक सेंटर (ओडिशा में सबसे बड़े मल्टी-फैसिलिटी डायग्नोस्टिक सेंटरों में से एक) में ब्रैस्ट कैंसर स्क्रीनिंग कैम्प भी लगाया गया।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26